Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 304 | बुधवार, 05 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम करेंगे गुवाहाटी एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन

# रखेंगे 10601 करोड़ की खाद फैक्ट्री की आधारशिला

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही असम में गुवाहाटी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन और 10601 करोड़ रुपये की नामरूप अमोनिया-यूरिया परियोजना की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को दिल्ली में पीएम से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही असम के दो बड़े विकास प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ करने वाले हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उन्हें राज्य में नए विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करने का आमंत्रण दिया। मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। इस दौरान सरमा ने प्रधानमंत्री को गुवाहाटी के



लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन और 10601 करोड़ रुपये की अमोनिया-यूरिया खाद फैक्ट्री की आधारशिला रखने के लिए आमंत्रित किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री का असम दौरा जल्द ही तय किया जाएगा। यह दौरा राज्य के लिए ऐतिहासिक साबित हो सकता है क्योंकि इन परियोजनाओं से उत्तर-पूर्व भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा असम के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक और बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। गुवाहाटी के एलजीबीआई एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल तैयार है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। यह टर्मिनल पूर्वोत्तर भारत की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देगा और गुवाहाटी को क्षेत्र का प्रमुख विमानन केंद्र बना देगा। यह अत्याधुनिक टर्मिनल सालाना 1.3 करोड़ से अधिक यात्रियों को संभालने की क्षमता रखेगा, जिससे क्षेत्र में एयर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। इस परियोजना से न केवल यात्री सेवाओं में सुधार होगा बल्कि पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के दौरान नामरूप अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखेंगे।

### मुख्यमंत्री सरमा ने जताया आभार

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, आदरणीय मोदी जी ने कृपा पूर्वक सहमति दी है। हम उनके आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं से असम के विकास की रफ्तार और तेज होगी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

## 65 मीटर ऊंचे कचरे के पहाड़ की उलटी गिनती शुरू, 2027 तक खत्म होगा गाजीपुर लैंडफिल



नई दिल्ली।

रिपोर्ट के अनुसार, गाजीपुर साइट पर अब मार्च 2025 से अलवाजो सॉल्यूशंस कंपनी 30 लाख एमटी (बढ़ाकर 45 लाख तक) साफ कर रही है। अगस्त 2025 तक 6.6 लाख एमटी साफ हो चुका है। कुल मिलाकर 32 लाख एमटी पुराना कचरा प्रोसेस हो गया है। एक नया टेंडर भी सितंबर 2025 में जारी किया गया है, ताकि बाकी कचरा जल्द साफ हो। दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल में रोजाना 2400 से 2600 मीट्रिक टन (एमटी) कचरा आता है, लेकिन वेस्ट-टू-एनर्जी (डब्ल्यूटीई) प्लांट में सिर्फ 700 से 1000 एमटी ही प्रोसेस हो पाता है। बाकी कचरा बायो-माइनिंग से बनी सीमित जगह पर डाला जाता है, क्योंकि ऊंचाई बढ़ाने की मनाही है।

## पाकिस्तान पहुंचे 2,100 भारतीय सिख श्रद्धालु

अमृतसर।

मई में चार दिनों तक चले संघर्ष के बाद दोनों देशों के लोगों के बीच यह पहला संपर्क है। पाकिस्तान सरकार ने गुरु नानक देव जी की जयंती के लिए भारतीय सिखों को 2,150 वीजा जारी किए थे। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लगभग 2,100 भारतीय सिख श्रद्धालु मंगलवार को वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान पहुंचे। मई में चार दिनों तक चले संघर्ष के बाद दोनों देशों के लोगों के बीच यह पहला संपर्क है। पाकिस्तान सरकार ने गुरु नानक देव जी की जयंती के लिए भारतीय सिखों को 2,150 वीजा जारी किए थे।



अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज की अगुवाई में श्रद्धालु अटारी-वाघा सीमा पार कर लाहौर पहुंचे, जहां पंजाब प्रांत के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा और पाकिस्तान इवैक्यूई ट्रस्ट बोर्ड (ईटीबी) के अधिकारियों ने फूल बरसाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। श्रद्धालु लाहौर स्थित ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब सहित अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों में मत्था टेकेंगे।

## रेलवे स्टेशन से लेकर ब्रिजों को खोखला कर रहे चूहे

इंदौर। इंदौर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 72 साल पुराने शास्त्री ब्रिज का एक हिस्सा रविवार सुबह धंस गया। इस घटना से सड़क पर पांच फीट गहरा और सात फीट चौड़ा गड्ढा बन गया। जानकारी के अनुसार, नगर निगम के अधिकारियों को एक वर्ष पूर्व ही चूहों द्वारा ब्रिज के आधार क्षेत्र को खोखला करने की सूचना मिल गई थी, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। चूहों के बिलों को भरने के बाद न तो ब्रिज के समग्र नुकसान की जांच कराई गई और न ही कोई एहतियाती उपाय किए गए। अब यह सामने आया है कि चूहों ने ब्रिज के आधार में तीन फीट गहरे बिल बना लिए हैं। इसके अलावा, ब्रिज के नीचे बनी दुकानों का फर्श खोदकर 15 फीट गहरे तलघर भी बना लिए गए हैं, जिससे पुल को और अधिक नुकसान पहुंचा है। नगर निगम अब ब्रिज और उसके आसपास के क्षेत्र में पेस्ट कंट्रोल करवाने की योजना बना रहा है। साथ ही, शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ की खोदाई कर इसे दोबारा बनाया जाएगा। ब्रिज के नीचे मिट्टी हटाकर पत्थर और सीमेंट का मिश्रण भरा जाएगा और इसके बाद मोटा स्लैब भी डाला जाएगा।



## कार्तिक पूर्णिमा का स्नान आज, पवित्र डुबकी के लिए रामनगरी में उमड़े लाखों भक्त

अयोध्या।

कार्तिक पूर्णिमा मेला 14 कोसी परिक्रमा मेले के साथ चल रहा है। मेले के प्रमुख दो पर्व 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा सकुशल संपन्न हो गई है। मेले का अंतिम पर्व पूर्णिमा स्नान बुधवार को है। मेले में भीड़ के मद्देनजर मंगलवार को दूसरी बेला से ही यातायात डायवर्जन लागू कर दिया गया है।

आज तड़के लगाई जाने वाली पवित्र डुबकी के लिए साधु-संतों से लेकर श्रद्धालु परिवारों तक में उत्साह चरम पर है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मौके पर रामनगरी का हर घाट और हर गली आस्था की रोशनी में नहाई हुई है।

सरयू तट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना कल से ही शुरू हो गया। आज तड़के लगाई जाने वाली पवित्र डुबकी के लिए साधु-संतों से लेकर श्रद्धालु परिवारों तक में उत्साह चरम पर है। नयाघाट, रामघाट, लक्ष्मणघाट से लेकर गुप्तारघाट तक प्रशासन ने सुरक्षा और सफाई के पुख्ता इंतजाम किए हैं। घाटों पर प्रकाश व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य शिविर भी स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू रखने के लिए यातायात प्रतिबंधित रहेगा, वहीं, भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। मठ-मंदिरों में पहले से ही विशेष आरती, कथा और दीपदान के कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। भक्ति रस में डूबी रामनगरी के वातावरण में हर तरफ राम नाम की ध्वनि गूंज रही है। कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रमुख पर्व पूर्णिमा स्नान बुधवार को है। स्नान के लिए नगर के मठ-मंदिरों व धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। मुख्य पर्व की पूर्व संध्या पर सरयू के स्नान घाट से प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहीं। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन के साथ ही सादी वर्दी में पुलिसकर्मी नजर रखे हुए हैं।

## उपराष्ट्रपति का राजनांदगांव दौरा आज

राजनांदगांव।

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन इस प्रवास के दौरान उदयाचल मल्टी स्पेशिएलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करेंगे और लखपति दीदी सम्मेलन में भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन आज छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के एक महत्वपूर्ण प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान, वे उदयाचल मल्टी स्पेशिएलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करेंगे और लखपति दीदी सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यह दौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उदयाचल मल्टी स्पेशिएलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन उपराष्ट्रपति के हाथों संपन्न होना, इस क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उम्मीद है कि यह संस्थान उन्नत नेत्र चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे आंखों की बीमारियों के इलाज और रोकथाम में मदद मिलेगी। लखपति दीदी सम्मेलनः महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम लखपति दीदी सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## कैमरून में राष्ट्रपति का विरोध हिंसक

नई दिल्ली। मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में राष्ट्रपति पॉल बिया के दोबारा चुने जाने के खिलाफ भड़के विरोध प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से 48 नागरिकों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। संयुक्त राष्ट्र के सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर लोगों की मौत गोलियों से, जबकि कुछ की पिटाई से हुई। मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में राष्ट्रपति पॉल बिया के दोबारा चुने जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। बात इतनी बढ़ गई कि विरोध प्रदर्शनों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 48 नागरिकों की मौत हो गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दो सूत्रों ने एक न्यूज एजेंसी को दी।

## आतंकवाद से निपटने के लिए भारत-इजरायल में मंथन

# 'सुरक्षा-शांति चाहिए तो हमास, हिज्बुल्ला का खात्मा जरूरी'

नई दिल्ली।



भारत और इजरायल ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए "जीरो टालरेंस" और व्यापार, बुनियादी ढांचे एवं संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। आतंकवाद से निपटने एवं व्यापार संबंधों को बढ़ाने पर भारत-इजरायल में मंथन साथ ही, नई दिल्ली ने आशा व्यक्त की कि अमेरिका की मध्यस्थता वाली गाजा शांति योजना क्षेत्र में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त करेगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके इजरायली समकक्ष गिदोन सार के बीच हुई बातचीत में इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब दोनों पक्ष अगले कुछ महीनों में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा की संभावना पर विचार कर रहे हैं। दोनों मंत्रियों के बीच क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के संदर्भ में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आइएमईसी) के कार्यान्वयन पर चर्चा हुई। बैठक में जयशंकर ने कहा कि भारत और इजरायल दोनों आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "हम कठिन समय में एक साथ खड़े रहे हैं और हमने उच्च स्तर के विश्वास और विश्वसनीयता के साथ एक रिश्ता बनाया है। हमारे दोनों देशों को आतंकवाद से एक विशेष चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह जरूरी है कि हम आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो टालरेंस का वैश्विक दृष्टिकोण सुनिश्चित करने की दिशा में काम करें।" भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए गिदोन सार ने तीन मूर्ति हाइफा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित की। जनवरी, 2018 में तत्कालीन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी भारत यात्रा के दौरान तीन मूर्ति चौक का दौरा किया था। उसी दौरान चौक का नाम बदलकर तीन मूर्ति हाइफा चौक कर दिया गया था। बहरहाल, गिदोन ने कहा कि इजरायल "कट्टरपंथी आतंकवादी देशों" (गाजा में हमास, लेबनान में हिज्बुल्लाह और यमन में हूती) का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए उन्हें उखाड़ फेंकना जरूरी है। हमास का खात्मा राष्ट्रपति ट्रंप की योजना के केंद्र में है।

## दिल्ली-यूपी में बढ़ने लगी ठंड, कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी

नई दिल्ली।

उत्तर भारत में अब सर्दियों ने दस्तक दे दी है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण मैदानी राज्यों में भी ठंड एकाएक बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, जम्मू कश्मीर में तो बर्फबारी हो रही है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में हल्की बरसात के साथ बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 12 राज्यों में भीषण बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभागके



मुताबिक गुजरात, मराठवाड़ा और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में 5 नवंबर तक आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश का अलर्ट है। आज पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है। मौसम विभाग (कटऊ) के मुताबिक, उत्तराखंड और हिमाचल के ऊपरी इलाकों में आज बर्फबारी होगी। मौसम विभाग ने नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस लिस्ट में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा का नाम शामिल है। वहीं, आज गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान आने की संभावना है। यूपी में मंगलवार को सुबह से हल्की बारिश हो रही थी लेकिन शाम तक मौसम साफ हो गया था। वहीं, अब कई जिलों में सुबह कोहरा और धुंध रहने के साथ मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 8 नवंबर तक यूपी में आसमान साफ रहेगा। राज्य में अगले एक हफ्ते तक बारिश की संभावना नहीं है।

**12 राज्यों में भीषण बारिश की चेतावनी**

## संपादक की कलम से

# नापाक परमाणु परीक्षण !

पाकिस्तान ने तीसरी बार परमाणु परीक्षण किया है अथवा परीक्षण किया जा रहा है या ऐसी कोई रणनीति है ! अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा खुलासा कर दुनिया में सनसनी फैला दी है। उन्होंने कहा है कि रूस, चीन, उत्तरी कोरिया और पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। सिर्फ अमरीका ने ऐसा नहीं किया है। अमरीका ने 1992 में अंतिम परमाणु परीक्षण किया था, जब 1990 में रूस ने परीक्षण कर विश्व को चौंका दिया था। हडकंप मच गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने अब यह भी कहा है



ललित शर्मा
संपादक

कि अमरीका हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकता, लिहाजा बहुत संभावनाएं हैं कि तीन लंबे दशकों के बाद अमरीका फिर परमाणु परीक्षण करे ! वैसे ट्रंप के बयान भरोसे लायक नहीं हैं, क्योंकि वह अनर्गल अलाप के आदी हैं, लेकिन परमाणु परीक्षण के संदर्भ में अमरीकी राष्ट्रपति व्यर्थ बयान नहीं दे सकते, ऐसा हमारा मानना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान को रूस, चीन, उत्तरी कोरिया की जमात में रख कर खुलासा किया है। ये सभी देश परमाणु परीक्षण करने में जुटे हैं। मसलन-रूस ने खाबरोवस्क परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है, जो परमाणु रिएक्टर से चलेगी। यह पानी में 500 मीटर भीतर तक कारगर है और बहुत विनाशकारी हथियार है। रूस ने हाल ही में 14,000 किमी तक प्रहार करने वाली मिसाइल का भी परीक्षण किया है, जिसे लेकर अमरीका समेत शेष विश्व भयभीत हैं। उसके वारहेड भी परमाणुमय हैं। चीन का बयान भी सामने आया है कि वह पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा। हमारे हथियार आत्मरक्षा के लिए हैं। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी पदार्फाश किया है कि ऐसे परीक्षण जमीन के गहरे भीतर किए जाते हैं। उनसे जो कंपन होता है, उसे भूकम्प करार दिया जाता है। चूंकि बीते रविवार को अफगानिस्तान में भी कथित भूकम्प के, 6.3 की तीव्रता के, झटके महसूस किए गए, जिनमें 20 लोगों की मौत हो गई। ऐसे झटके भारत के किसी भी हिस्से में महसूस नहीं किए गए, जबकि पाकिस्तान उससे सटा हुआ पड़ोसी देश है। बल्कि पाकिस्तान भारत का सहोदर देश है। यह एक गंभीर सवाल हो सकता है। सवाल यह भी मौजू है कि जिस देश पर 103.38 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए का कर्ज है, जिस देश की जीडीपी के 70 फीसदी हिस्से के बराबर कर्ज है, जिसके प्रत्येक नागरिक पर 1230.5 डॉलर की उधारी है और 40 फीसदी से अधिक आबादी गरीबी-रेखा के नीचे है, क्या ऐसा देश परमाणु परीक्षण की सोच सकता है ? अथवा परीक्षण कर सकता है ? राष्ट्रपति ट्रंप के खुलासे के बाद पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुम है। खुफिया एजेंसी आईएसआई और सेना की तरफ से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। ज्यादातर मंत्रियों और फौजी अफसरों तक को कोई जानकारी नहीं है। पाकिस्तान राष्ट्रपति ट्रंप के बयान का खंडन नहीं कर सकता, क्योंकि आका नाराज हो जाएंगे और उधारी का रास्ता बंद हो जाएगा। यदि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण की आधिकारिक पुष्टि करता है, तो अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा प्राधिकरण (आईएईए) सख्त कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम पर ढक्कन लगा कर आईएईए उसके परमाणु हथियारों को अपने कब्जे में ले सकता है। पाकिस्तान पर अमरीका भी आर्थिक पाबंदियां थोप सकता है। सवाल यह भी है कि क्या परमाणु परीक्षण चोरी-छिपे किए जा सकते हैं ? भारत ने मई, 1998 में पोखरण में एक साथ पांच परमाणु परीक्षण किए थे। बदले में पाकिस्तान ने भी 29-30 मई, 1998 को चागई-1 और 2 के तहत कुल पांच परीक्षण किए। उनके बाद कोई परमाणु परीक्षण नहीं किए गए, लेकिन पाकिस्तान में परमाणु हथियारों की सुरक्षा के मद्देनजर आशंकाएं उठाई जाती रही हैं कि परमाणु अस्त्र आतंकियों के हाथों में जा सकते हैं अथवा पाकिस्तान सऊदी अरब सरीखे मुस्लिम देशों को परमाणु हथियार किराये पर भी दे सकता है। क्या ऐसा संभव है ? पाकिस्तान में परमाणु अस्त्रों की ऐसी असुरक्षा के मद्देनजर भारत की संप्रभुता और अखंडता को लेकर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## उदय किशोर साह



### हो गई अब भोर

कविता

सूरज की चंचल किरणें पूरब में आया
सोये हुए जग को किरणों ने जगाया
कुंज में खग वृन्द मचाया है जहाँ शोर
उठो भाई उठ जाओ अब हो गई भोर

चंचल हवा पर्वत से जा कर टकराया
अल्हड़ नदियाँ सागर में जा समाया
सतरंगी प्रकाश ने फैलाया है अंजोर
उठो भाई उठ जाओ अब हो गई भोर

उपवन की कलियाँ मुँह छुपा मुस्कुराई
अवारा मधुकर को देख शर्म से शरमाई
चाँद छुपने से पागल हुआ वो चकोर
उठो भाई उठ जाओ अब हो गई भोर

मोर संग मोरनी सरगम पे नाचे गाये
कोयलिया अमुवा पे विरह गीत सुनाये
कहाँ छुप गये हो मेरे दिल के चितचोर
उठो भाई उठ जाओ अब हो गई भोर

चल रे साथी नदी तीर तक सैर कर आयें
गाँव जवार की हाल चाल सुन समझायें
बिहार चुनाव की हो रही है जहाँ तोर मोर
उठो भाई उठ जाओ अब हो गई भोर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## गुरु नानक जयन्ती- 5 नवम्बर, 2025

# गुरु नानक देव: मानवता के पथप्रदर्शक विलक्षण संत



ललित गर्ग

भारत की पवित्र भूमि सदैव से महापुरुषों, संतों और अवतारों की कर्मभूमि रही है। इसी भूमि पर तलवंडी (अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में गुरु नानक देव का जन्म हुआ। वे केवल सिख धर्म के प्रवर्तक नहीं थे, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक, समानता, प्रेम, शांति और सत्य के अमर उपासक थे। उन्होंने धर्म के बाहरी आडंबरों, जातिगत भेदभाव और संकीर्णता का विरोध करते हुए एक ऐसे समाज की कल्पना की जिसमें हर मनुष्य को समान अधिकार मिले और सबके हृदय में करुणा का प्रकाश जले। उनके जीवन की घटनाएं उनकी विलक्षण दृष्टि और दिव्य चेतना का परिचय देती हैं। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे।



आज जब मानवता पुन: संकीर्णता, हिंसा और विभाजन के दौर से गुजर रही है, तब गुरु नानक देव की शिक्षाएं हमारे लिए दिशा-सूचक दीपक हैं। उनका सन्देश हमें करुणा, एकता, सादगी और सच्चाई की ओर ले जाता है। उन्होंने जीवनभर यह बताया कि सच्चा धर्म वही है जो मानवता को जोड़े, प्रेम को बढ़ाए और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे। ह्लएक ओंकार सतनाम, करता पुरख, निरभउ, निरवैर- यह उनके जीवन का सार था, जो आज भी विश्व को यह सिखाता है कि ईश्वर एक है, वह सबका है, सबमें है, और सबके लिए है। गुरु नानक देव सचमुच उस विराट चेतना के प्रतीक हैं जो समय, धर्म और सीमाओं से परे होकर मानवता के उजाले की दिशा दिखाती है।

गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्तिक्रांति एवं समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था। गुरु नानकदेव ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए ह्लसिखह्व समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरूआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने ह्लनिर्गुण उपासनाह्व पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

एक बार जब वे सुल्तानपुर में नवाब की नौकरी कर रहे थे, उन्हें अनाज की तौल का कार्य सौंपा गया। वे गिनती करते हुए एक, दो, तीन बोलते जा रहे थे, पर जब ह्लतेरहह्व पर पहुँचे तो वे रुक गए और बार-बार ह्लतेरह, तेरहह्व कहने लगे। लोग चकित हो उठे। उन्होंने कहा- ह्लतेरा, सब कुछ तेराह्व अर्थात इस संसार में कुछ भी मेरा नहीं, सब कुछ ईश्वर का है। यही गुरु नानक की आत्मदृष्टि थी, जहाँ उन्होंने अहंकार से मुक्त होकर ईश्वर की सर्वव्यापकता का अनुभव किया। यह घटना उनके आध्यात्मिक जीवन का निर्णायक क्षण बनी। एक अन्य प्रसंग में वे अपने साथी भाई मरदाना के साथ मक्का पहुंचे। थकान से चूर होकर वे विश्राम हेतु लेट गए और उनके पैर काबा की दिशा में हो गए। एक व्यक्ति ने आक्रोश में कहा, ह्लअपने पैर ईश्वर की ओर कैसे फैला दिए ?ह्व गुरु नानक मुस्कराकर बोले, ह्लभाई, मेरे पैर उस दिशा में कर दो जहाँ ईश्वर न हो।ह्व वह व्यक्ति जैसे-जैसे पैर घुमाता गया, काबा उसी दिशा में घूमता प्रतीत हुआ। यह घटना उनके सर्वधर्मसमभाव और सर्वव्यापक ईश्वर की अनुभूति की प्रतीक बन गई। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, ह्लअवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे। यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

गुरु नानक का जीवन सरलता, सच्चाई, करुणा और निस्वार्थ सेवा का आदर्श था। उन्होंने कहा- ह्लना कोई हिन्दू, ना मुसलमान; सब एक ही नूर से उपजे हैं।ह्व वे धर्म को किसी संप्रदाय की सीमाओं में नहीं बाँधते थे, बल्कि मानवता को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनके तीन सूत्र-नाम जपो, कीरत करो और वंड छको, मानव जीवन के नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक आधार हैं। उनका कहना था कि ईश्वर का स्मरण करो, ईमानदारी से परिश्रम करो और जो कुछ कमाओ उसमें से दूसरों के साथ बाँटो। उनका जीवन इस सत्य का साक्षी है कि धर्म पूजा-पाठ या कर्मकांडों में नहीं, बल्कि आचरण और व्यवहार में बसता है। वे कहते थे, ह्लवह धर्म नहीं जो दूसरों को दुख दे, वह भक्ति नहीं जो केवल पूजा में सीमित रहे।ह्व गुरु नानक ने अहंकार, लोभ, क्रोध और हिंसा से मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी और यह बताया कि ईश्वर प्रत्येक प्राणी में विद्यमान है। उन्होंने कहा- ह्लसबना में जोत, जोत है सोई; तिस दा चानन सब में होई।ह्व यानी हर प्राणी में उसी परमात्मा की ज्योति विद्यमान है, इसलिए किसी से भेदभाव मत करो।

# केरल बना कपल्स का नया ड्रीम डेस्टिनेशन, हनीमून के लिए चुनें ये खास रोमांटिक जगहें

कई कपल्स में केरल में रोमांटिक छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ टॉप क्लास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों में जब भी घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। केरल के हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे ज्यादा कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से अधिक कपल्स केरल में रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। वहीं कई कपल्स में केरल में रोमांटिक छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ टॉप क्लास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।



**अल्लेप्पी:** जब भी केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले अल्लेप्पी का नाम लेते हैं। अल्लेप्पी अपनी मेहमान नवाजी और खूबसूरती के लिए जाना जाता है और इस कारण यह केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन में भी शामिल रहता है। अल्लेप्पी सबसे अधिक सुंदर खूबसूरत बीचेच, बैकवॉटर और लैगून के लिए जाना जाता है। समुद्र तट के किनारे कई ऐसे विला और रिसॉर्ट हैं, जोकि कपल्स का शानदार मेहमान नवाजी भी करते हैं। बीच के किनारे आप खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यहां पर आप पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड:** अगर आप केरल के मुन्नार की भीड़-भाड़ से दूर किसी खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो वायनाड आपके लिए बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकता है।

वायनाड की खूबसूरती के अलावा यहां पर चाय-काफी के बागान और शानदार वॉटरफॉल देखने को मिलेंगे। यहां पर कई ऐसे विला और रिसॉर्ट हैं, जहां पर आप पार्टनर के साथ हसीन और रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां पर आप कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम:** अरब सागर के तट पर बसा कोवलम केरल का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यहां पर साल के हर महीने देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। कोवलम अपने अधिक समुद्री तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां स्थित हवा बीच, लाइट हाउस और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून मनाने के लिए आते हैं।

**त्रिशूर:** त्रिशूर केरल का सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट जगह है। त्रिशूर केरल का एक ऐतिहासिक और धार्मिक शहर माना जाता है। यहां पर खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने को मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना और वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# हर घर, हर मतदाता, भाजपा का लक्ष्य: हरीश

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू हो रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। न सिर्फ नए मतदाताओं के लिए, बल्कि ऐसे मतदाताओं के लिए भी जिनके नाम पहले से मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे में हमारे पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सक्रिय होकर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराना है। हर घर, हर मतदाता ही भाजपा का लक्ष्य है। मंगलवार को राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर बैठक हुई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम जुड़वाना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से छूटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए नुकसानदायक है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मतदाता सूची की जांच करें, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएँ और जिनके नाम गलत हैं, उनमें सुधार कराएँ। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस बार ऐसे मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने हैं, जो पहले से ही सम्मिलित थे। मतलब, यह कि सभी के वोट बनने हैं। चाहें वह पुराना मतदाता हो या फिर नया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा। घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गणना फॉर्म, फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाएँगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, पंकज लोधी, सुनील मौर्य, अनुज सक्सेना, प्रमोद लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, नेतराम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा काशीपुर कोसी घाट का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर**। आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्यासागर मिश्र द्वारा थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत मसवासी चौकी क्षेत्र में स्थित काशीपुर-कोसी नदी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा घाट क्षेत्र में की गई तैयारियों का जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने घाट पर भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, गोताखोरों की तैनाती, तथा महिला श्रद्धालुओं के लिए पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि घाटों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाए। नदी तट पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाएँ। पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाए तथा मुख्य मार्गों पर नो पार्किंग जोन का अनुपालन कराया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी रखी जाए। स्थानीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर प्राथमिक चिकित्सा एवं राहत दल तैनात रखे जाएँ। पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु यातायात पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि स्नान पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना न हो।

# फ्लाईओवर ब्रिज का टूटा हुआ विद्युत खंभा उच्च क्षमता की लाइन पर गिरा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज के विद्युत खंभों के उच्च क्षमता की विद्युत लाइन से टच होने के संबंध में शासन को अवगत कराया गया है आपको बता दे कि रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 गढ़मलपुर पर पूर्व में उत्तर प्रदेश हेतु निगम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था तथा उक्त फ्लाईओवर ब्रिज पर जो विद्युत खंबे लगाए गए थे वह वर्तमान में खस्ता हालत में पड़े हुए हैं कई खंबे झुक कर फ्लाईओवर के बराबर से गुजर रही विद्युत लाइन से टच हो रहे हैं जिस कारण कभी भी कोई भयंकर हादसा हो सकता है। और जनमानस को हानि पहुंच सकती है इस संबंध में विद्युत विभाग को भी अवगत कराया गया है ताकि उच्च क्षमता की विद्युत लाइन से उक्त विद्युत खंभों को हटाया जा सके और हादसे को टाला जा सके।

# गंगा जी में दूध की धार प्रवाहित कर किया गया कार्तिक मेले का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद क्षेत्र के नांगल सोती सोती नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के द्वारा नांगल सोती में गंगा घाट पर लोक संस्कृति के इस गंगा स्नान मेले का शुभारंभ मां गंगा जी की पूजा अर्चना करके कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का शुभारंभ किया गया उत्तर प्रदेश में मां गंगा जी के प्रवेश द्वार पर लोक आस्था का केंद्र नांगल सोती गंगा जी घाट है इस पर सदियों से यह मेला सदियों से लगता हुआ आ रहा है ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि मिले भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं मेले में पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी क्षेत्रवासियों की जिम्मेदारी है मिले में मुख्य द्वार से आधा किलोमीटर दूरी तक प्रकाश व्यवस्था कराई गई है साथ ही ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, फायर ब्रिगेड, इंटर कॉलेज एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने शिविर लगाए हुए हैं जिला प्रशासन ने अतिरिक्त गोताखोर, नावों, सहित मेले में पेयजल के लिए हैंडपंप आदि की व्यवस्था की है पुलिस प्रशासन स्वयंसेवी संस्थाएं अनेक राजनीतिक व सामाजिक कार्यकताओं ने सेवा की दृष्टि से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ग्राम प्रधान फरमान अहमद, सत्यपाल सिंह सहरावत, आर्य वीरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, राहुल चौधरी, गार्विन चौधरी, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, अर्पण कुमार, गौतम सिंह, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत चौधरी, अतुल भारती, आचार्य विक्रम सिंह,अमित अग्रवाल, मनोज जाट, आदि उपस्थित रहे।

# जनपद को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. कम्पनी की डी.ए.पी. की एक रैक प्राप्त

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. कम्पनी की डी.ए.पी. की एक रैक निजी क्षेत्र में प्राप्त हो चुकी है, जिसमें से 800 मीट्रिक टन डी.ए.पी. सहकारी समितियों एवं 1200 मीट्रिक टन डी.ए.पी. निजी क्षेत्र में प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 18846 मीट्रिक टन यूरिया, 5659 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1134 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है। इस प्रकार जनपद में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है।

जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध कराये। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

# जिला अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति करे स्वास्थ्य विभाग-डीएम

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर गम्भीर है ।जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में मरीजों को उचित उपचार मिले इसके लिए जिलाधिकारी ने अपनी प्राथमिकता में रखते हुए जिला अस्पताल को हाइटेक बनाने की ठानी है ।डीएम ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सकों की कमी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद में चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों से चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर जिला चिकित्सालय में तैनात किया जाए, ताकि मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो ।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आमजन को उचित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त सहयोग दिया जाएगा ।पर किसी भी स्तर पर कोई कोताही, मनमाना रवैया बर्दाश्त नही किया जाएगा ।डीएम ने तहसीलदार को जिला अस्पताल का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा डॉक्टरों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उन्होंने बिना सूचना अवकाश पर चल रहे चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही हेतु महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही 108 एंबुलेंस सेवा में आ रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों में जीपीएस उपकरण लगाने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने को कहा ।जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के टॉप फ्लोर पर बने फैब्रिकेटेड रूम के हैंडओवर और लीकेज की समस्या के समाधान हेतु तहसीलदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सदस्यता में एक जांच समिति गठित करने के भी निर्देश दिए ।इसके अतिरिक्त उन्होंने मंडलसेरा स्थित निमार्णाधीन ट्रांजिट हॉस्टल का पीडब्ल्यूडी से मूल्यांकन कराकर उसे गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु नया एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

# कौसानी में रजत जयंती वर्ष पर हिमालयन टूरिज्म फेस्ट का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर**, पूरन दोसाद,उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती समारोह) के अवसर पर पर्यटन विभाग के तत्वावधान में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात कौसानी में ह्नहिमालयन टूरिज्म फेस्टह्न थीम पर विविध पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय और मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एवं रिबन काटकर किया ।इस अवसर पर बर्ड वॉचिंग, नेचर फोटोग्राफी प्रदर्शनी, स्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता, माउंटेन साइक्लिंग और ट्रैकिंग जैसी आकर्षक साहसिक गतिविधियां आयोजित की गईं। स्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पहाड़ी स्वाद का मनमोहक प्रदर्शन किया, वहीं नेचर फोटोग्राफी प्रदर्शनी में हिमालय की अद्भुत छटा को कैमरे में कैद किया गया ।जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने इस आयोजन को स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में निहित है। ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार के अवसर देने के साथ-साथ कौसानी को प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करेंगे ।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और व्यंजन विशेषज्ञों को पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा। भूपेश उपाध्याय ने कहा कि राज्य सरकार इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम थाना ककोड़ द्वारा गुम हुए 02 नाबालिग बच्चो को सकुशल बरामद किया



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 04.11.2025 को थाना ककोड़ में नियुक्त मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा लापता 02 नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.11.2025 को थाना ककोड़ पर ग्राम अमीपुर बांगर निवासी 02 नाबालिग बच्चों के गुम होने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त हुई प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ककोड़ पर मुअसं-402/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना ककोड़ मिशन शक्ति टीम द्वारा अथक परिश्रम करते हुए गुमशुदा बच्चों को तलाश कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्चों को उसके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजनों व जनता के लोगो द्वारा थाना ककोड़ पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।

# एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अभिकताओं को प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करे

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निदेर्शों के क्रम में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, और शुद्धता पूर्वक संपन्न करने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा चुका है। प्रदेश में अन्तिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। उन्होंने निर्देश दिए की एसएआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अभिकताओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और इस कार्य में उनका सहयोग भी प्राप्त करें ताकि कार्य पूरे पारदर्शिता और शुद्धता के साथ संपन्न कराया जा सके ।अपर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वान्या ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) द्वारा प्रत्येक मौजूदा निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण निर्वाचकों को उनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम से अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 से मिलान/लिंक करने में मदद करना मिलान/लिंकिंग के लिए बूथ लेवल अधिकारी अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) की प्रमुख प्रक्रियाएं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए निर्वाचकों को सम्मिलित करने के लिए प्रपत्र-6 एवं घोषणा प्रपत्र एकत्र करना एवं मिलान/लिंकिंग में उन्हें सहायता करना है। गणना प्रपत्र को भरने व ईआरओ/एईआरओ को जमा करने में निर्वाचक की सहायता करना।

# सुरक्षा की दृष्टि से गंगा घाटों पर संघन चैकिंग की गई

बुलंदशहर मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार एएस चैक टीम एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान मेला वर्ष–2025) के दृष्टिगत– थाना अनूपशहर क्षेत्रान्तर्गत गंगा रेती, मस्तराम घाट, जानवी घाट पर सघन चेकिंग की गयी। इसके उपरान्त थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत नरवर गंगा घाट तथा थाना रामघाट क्षेत्रान्तर्गत घाटो पर सघन चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की तलाशी ली गई तथा आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत इऊऊर टीम को भी तैनात किया गया हैं।

# श्रीराम मशीनरी मार्केट कल्याण समिति द्वारा श्री श्री 1008 ब्रह्म बाबा का वार्षिक श्रृंगार एवं महा आरती का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** श्रीराम मशीनरी मार्केट कल्याण समिति मलदहिया द्वारा मंगलवार को श्री श्री 1008 ब्रह्म बाबा का वार्षिक श्रृंगार एवं महा आरती का किया गया आयोजने अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने मिडिया से वार्ता के दौरान बताया की श्रीराम मशीनरी मार्केट कल्याण समिति मशीनरी क्षेत्र में पूर्वांचल की सबसे बड़ी मशीनरी मार्केट है प्रतिष्ठित कम्पनियों के वितरकों द्वारा गुणवत्ता युक्त प्राडक्ट अपने डीलर नेटवर्क द्वारा न केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन सटे क्षेत्र बिहार एवं मध्य प्रदेश तक आपूर्ति की जा रही है महामंत्री विपिन अग्रवाल ने कहा की श्रीराम मशीनरी मार्केट व्यवसाय के साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति भी उतनी ही जागरूक रहती है यहां सदस्यों की साप्ताहिक मीटिंग के साथ मासिक एवं विभिन्न उत्सवों के अतिरिक्त वार्षिक कार्यक्रमों का योजनाबद्ध प्रबन्धन है यहाँ परिसर में ब्रह्म बाबा का मन्दिर है इस मन्दिर का वार्षिक श्रृंगार एवं विशाल भण्डारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा स्थापित दिवस प्रत्येक वर्ष कार्तिक चतुर्दशी को विगत 28 वर्षों से वृहद आयोजन करता आ रहा है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष वाराणसी के विकास उन्नयन में अपनी प्रतिभा एवं सेवा द्वारा सहयोग करने वाली छह विभूतियों को काशी गौरव सम्मान देकर अलंकृत किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अशोक तिवारी महापौर वाराणसी, मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त वाराणसी, पं० चन्द्रमोलि उपाध्याय भूतपूर्व विभागाध्यक्ष काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, पं. श्रीकान्त मिश्रा प्रमुख अर्चक काशी विश्वनाथ मन्दिर, संतोष अग्रवाल सभापति श्री काशी अग्रवाल समाज, प्रदीप मेहरोत्रा प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जयशंकर शर्मा एवं दीपक माली ने किया अतिथियों का स्वागत घनश्याम मिश्रा अध्यक्ष एवं दिलीप अग्रहरि कोषाध्यक्ष ने किया, धन्यवाद प्रकाश बिपिन अग्रवाल महामंत्री ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रदीप अग्रहरी महानगर भाजपा अध्यक्ष, राजेश, प्रेम मिश्रा, राजकुमार शर्मा, घनश्याम जैन, दिनेश कसौधन सहित काफी संख्या में अतिथिगण उपस्थिति रहे। मार्केट के सदस्यों की विशेष सहभागिता जिसमे मुख्य रुप से गणेश चौबे, योगेश अग्रवाल, वेद अग्रवाल, राजेन्द्र जायसवाल, ननकू अग्रहरि, ओमप्रकाश, बबलू गुप्ता, राजेश अग्रहरि, पतालू साव सहित इत्यादि लोग शामिल रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी करने, थूकने पर अब खैर नही, देना होगा जुर्माना

**वाराणसी।** नगर निगम वाराणसी द्वारा अब सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी करने, थूकने पर अब खैर नही, अब देना होगा जुमार्ना नगर निगम ने कमर कस ली है नयी नियमावली के अन्तर्गत पिछले दो दिनों में आठ लोगों से जुमार्ना वसूला गया की गयी कार्यवाही में चौकीघाट पर दो लोगों के द्वारा गुटका खाकर थूकने पर उन दोनो से 500 रुपया वसूला गया, केदार घाट पर कूड़ा फेकने वाले व्यक्ति से 500 रूपया वसूला गयो अस्सी घाट पर पान खाकर थूकने पर दो लोगों से 250-250 रुपया वसूला गया, शिवाला घाट व हरिश्चन्द्र घाट पर गन्दगी फैलाने वालों से 1500 रुपया वसूला गया तथा रीवा घाट पर नगर निगम से बिना अनुमति लिये भण्डारा का आयोजन किया जा रहा था तथा घाट पर गन्दगी फैलायी जा रही थी जिनके आयोजक से दो हजार रुपया जुर्माना वसूला गया।

# चैनपुर के रूपेश को मिलेगा कोशी मंच गौरव सम्मान 2025

**वेलकम इंडिया**




**सीवान, बिहार।** सीवान जिले के चैनपुर गांव निवासी युवा साहित्यकार एवं शिक्षाविद् रूपेश कुमार को कोशी मंच गौरव सम्मान झ 2025 के लिए सम्पूर्ण भारत के 151 उत्कृष्ट व्यक्तियों में चयनित किया गया है। उन्हें यह सम्मान सामाजिक, साहित्यिक और शैक्षणिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान समारोह अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच, खगड़िया (बिहार) के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ महाधिवेशन के अवसर पर संपन्न होगा। दो दिवसीय यह भव्य आयोजन 15झ16 नवम्बर 2025 को मधुमिता विवाह भवन, पिपरा, चौथम, खगड़िया (बिहार) में आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक शिव कुमार सुमन के निर्देशन में रूपेश कुमार के नाम की घोषणा की गई है। रूपेश कुमार के इस चयन से न केवल साहित्य जगत, बल्कि समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े युवाओं का मनोबल बढ़ेगा। इससे नई प्रेरणा और सृजनशील ऊर्जा का संचार होगा। रूपेश की अब तक चार पुस्तकें - मेरी कलम रो रही है, मेरा भी आसमान नीला होगा, कैसे बताऊँ तुझे और मैं सड़क का खिलाड़ी हूँ - दिल्ली, असम, गुजरात और प्रयागराज से प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी पाँचवीं पुस्तक रूप की रश्मि शीघ्र ही इंक पब्लिकेशन, प्रयागराज से प्रकाशित होने जा रही है, जो साहित्य जगत की उत्कृष्ट रचनाओं से सुसज्जित होगी। इसके अतिरिक्त वे पाँच साहित्यिक पुस्तकों के संपादन कार्य में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। भौतिक विज्ञान के छात्र होने के बावजूद रूपेश ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी रचनाएँ देश-विदेश की अनेक प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें अब तक कबीर कोहिनूर सम्मान, विश्व भूषण सम्मान, भारती ज्योति सम्मान, डॉ. भीमराव अम्बेडकर कीर्ति सम्मान, भारत रत्न अटल सम्मान, अभ्युदय सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सहित 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## सार संक्षेप

### बेलहर विधानसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार मिठान यादव का बढ़ रहा प्रभाव



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**बांका।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 मंगलवार को पहला चरण का प्रचार खत्म 6 तारीख को वोटिंग होना है ! बांका जिला के बेलहर विधानसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होता जा रहा है जैसे जैसे समय खत्म हो रहा वैसे वैसे मुकाबला टक्कर का होता जा रहा है। बेलहर विधानसभा सीट पर 2020 में राजद उम्मीदवार को लगभग 2200 वोटों से पराजित करके विधायक बने मनोज यादव तब मुकाबला ठऊअ और महागठबंधन जदयू और राजद में था लेकिन इस बार बेलहर विधानसभा सीट पर लगभग 15 उम्मीदवार है । राजद से अपना इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे मिठान यादव का प्रभाव हर दिन बढ़ता जा रहा है। सर्वे के अनुसार के नतीजें चौंकाने वाले हो सकते है। पूर्व जिला पार्षद राजद पार्टी के वरिष्ठ कद्दावर नेता और पार्टी कार्यकता हुआ करते थे राजद पार्टी की रीढ़ की हड्डी और चुनावी किंग माने जाने वाले राजद जिला प्रधान महासचिव मिठान यादव निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ रहे है। वोट बैंक की बात करे तो इस बार निर्दलीय उम्मीदवार मिठान यादव को मुस्लिम समुदाय का साथ और समर्थन मिल है। प्रशांत किशोर की पार्टी भी जदयू और राजद के वोटर जनसुराज को मिल है ।



### घबराएं नहीं, पुलिस हर कदम पर साथ खड़ी है

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज पांच के तहत पुलिस ने जागरूक करते हुए सुरक्षा का अहसास कराया। स्वावलंबी बनने पर जोर दिया। थाना शिवनगर डीडई पुलिस ने मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत असनहरा में जन चौपाल लगाकर महिलाओं के संग गोष्ठी की। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 समेत विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मिशन शक्ति फेस 5 का स्टीकर भी चस्पा किया गया ।चौपाल कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक अयोध्या यादव, आरक्षी बृजेश यादव, महिला आरक्षी प्रतिमा दुबे, पारुल यादव, शिप्रा सिंह मौजूद रही।

### फिल्मी स्टाइल में शादी रूकवाने पहुंचे प्रेमी की जलकर मौत

**मथुरा/कोसीकलां।** नगर निवासी एक युवक अपनी प्रेमिका की शादी रूकवाने हरियाणा के फरीदाबाद पहुंच गया और विवाह समारोह में कार से फिल्मी स्टाइल में एन्ट्री मार बोला कि यह शादी नहीं हो सकती। लडकी को किसी की नहीं होने दूंगा। कहा यदि पुलिस ने उसे पकडा तो वह आग लगा लेगा। इसी दौरान घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई और उसे थाने ले आयी। इसी दौरान युवक ने ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर डाल लिया और आग लगा ली। पुलिस ने उसे सफदरजंग हास्पीटल दिल्ली में उपचार को भर्ती कराया, उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# पीएमकेवीवाई के भुगतान में व्याप्त अनियमितताओ पर प्रकाश डालने के संबंध में किया पत्रकार वार्ता का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** ग्रुप ऑन कार्यालय पाण्डेयपुर में मंगलवार को आल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आइटीआइ टीपी एसोसिएशन के तत्वाधान में पीएमकेवीवाई के भुगतान में व्याप्त अनियमितताओ पर प्रकाश डालने के संबंध में किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजने पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश और बिहार के अलग-अलग जिलों के पदाधिकारीगण शामिल हुए वाराणसी में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में अपनी समस्याओं को मिडिया से बतायो डाक्टर पुरुषोत्तम कुमार यादव के द्वारा बताया गया की टी.पी.(ट्रेनिंग पार्टनर) द्वारा यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने पीएमकेवीवाई (प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना) के माध्यम से देशभर में लाखों अकुशल प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित कर रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया परन्तु सरकार द्वारा उनका प्रशिक्षण व्यय जो केन्द्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा वहन किया जाना था किन्तु नौ माह व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है सभी संचालकों ने प्रशिक्षकों का वेतन, बिजली बिल, टूल्स इक्विपमेंट, मशीनरी का क्रय किया जाना, इंफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि का व्यय स्वयं के मद से किया इस हेतु धन का प्रबन्ध विभिन्न श्रोतों से लोन लेकर पूर्ण किया भुगतान न होने के कारण उक्त लोन का निस्तारण न हो पाने से सभी टी.पी. संचालक हतप्रभ हैं।

पत्रकार वार्ता में मुख्य रुप से आल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आइटीआइ टीपी एसोसिएशन द्वारा देशभर से सैकड़ों की संख्या में आये हुये टी.पी.में से आशुतोष श्रीवास्तव, पवन चौधरी, मार्कण्डेय सिंह, मनोज कुमार, डॉ.पुरुषोत्तम कुमार यादव, राकेश सिंह, जनार्दन शर्मा, उद्धम सिंह यादव, लाल बहादुर यादव, आदित्य यादव, जितेन्द्र, सुनील सिंह, अमन द्विवेदी इत्यादि लोगों ने अपनी ब्यथा बताते हुये अपनी बात रखी।

# देव दीपावली पर करपत्रि धाम गोवर्धन में हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**



**गोवर्धन।** देव दीपावली के पावन अवसर पर करपत्रि धाम, गोवर्धन में भक्ति और आस्था से ओतप्रोत भव्य आयोजन हुआ। इस शुभ अवसर पर राजकुमारी उपाध्याय और ज्ञान सरस्वती ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए तथा भगवान की आराधना की।

पूजन के बाद श्रद्धालुओं व बच्चों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। धाम परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और भक्ति गीतों की ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। राजकुमारी उपाध्याय ने कहा कि देव दीपावली का पर्व भगवान के प्रति श्रद्धा और प्रकाश का प्रतीक है, जबकि ज्ञान सरस्वती ने कहा कि यह पर्व आत्मिक शुद्धि और समाज में सकारात्मकता फैलाने का संदेश देता है। भक्तों के जयघोष हर हर महादेव और जय गोवर्धनधारी से पूरा करपत्रि धाम गूंज उठा। दीपों की रोशनी तभी सार्थक है जब हृदय में भक्ति और समाज के प्रति प्रकाश हो – यही देव दीपावली का सच्चा संदेश है।

# माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएपीएसएम और आईसीएमआर निकाय के निर्देशन में सामुदायिक चिकित्सा विभाग माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. नौशाद आलाम के नेतृत्व में उनकी टीम ने विविध शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला में करीब दो सौ विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं में नेतृत्व व संवाद कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में स्वास्थ्य सेवा को समर्पित युवाओं की शपथ और प्रेरणादायक उद्बोधनों के साथ हुआ। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डा. नीलम , डा. प्रशांत, डा. ऋचा , डा. वीरेंद्र सोनी एवं प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन के अनुमति पर भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मदरहना में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन की जानकारी दी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** थाना खेसरहा क्षेत्र के मदरहना में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एक जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस 'बहू-बेटी सम्मेलन' में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित किया गया। चौपाल में महिलाओं को अपराधों से बचाव, दहेज संबंधी अपराधों और नए कानूनों की जानकारी दी गई। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के बारे में भी बताया गया, जहाँ वे अपनी समस्याएँ दर्ज करा सकती हैं।

महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड केयर लाइन), 108 (एम्बुलेंस हेल्पलाइन), 101 (अग्निशमन हेल्पलाइन), 14567 (एल्डर हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान क्षेत्र के पगारे मोड व बेलौहा कस्बा में एंटी रोमियो की चेकिंग की गई । चेकिंग के तहत 8 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई ।इस अवसर पर उपनिरीक्षक चंद्रिका प्रसाद मौर्य, हेड कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह, महिला पीआरडी सुषमा आदि मौजूद रहें।

## रसूलपुर के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड इटवा के ग्राम पंचायत रसूलपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया है। दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के विरुद्ध शिकायत किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान व सचिव द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। जिलाधिकारी को शपथ पत्र सहित प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि गांव में श्यामू के घर से राजेंद्र के घर तक इंटर लॉकिंग में मरम्मत के नाम पर 1 लाख 17 हजार निकासी की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत के सलवनजोत में विद्यालय बंद होने के बाद भी एमडीएम सहित विभिन्न मद में सरकारी धन की निकासी की गई। इसके साथ मनरेगा सहित विभिन्न कार्य दिखा कर सरकारी धन की निकासी की गई। जब की मौके पर कार्य न के बराबर है। नाली से लेकर मनरेगा योजना तक में बड़े पैमाने पर धन की निकासी की जा रही है।

# श्रीकृष्ण-राधा की लीलाओं को सजीव करती चित्र प्रदर्शनी शुरू श्रीगीता शोध संस्थान में राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर की कृतियाँ प्रदर्शित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** भगवान श्रीकृष्ण और राधा की भावपूर्ण लीलाओं को कैनवास पर उकेरे जाने के बाद अब उन दिव्य कृतियों की प्रदर्शनी का शुभारंभ आज से किया गया ।उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर की सफलता के उपरांत यह प्रदर्शनी जनपद के स्कूली बच्चों, कला-प्रेमियों और श्रद्धालुओं के लिए आरंभ की गई है।

इस प्रदर्शनी में देशभर से पधारे चित्रकारों द्वारा साकार की गई लीलाएँ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। रंगों और कैनवास के माध्यम से कलाकारों ने भगवान की भावभूमि को जिस भक्ति से साकार किया है, वह अद्वितीय है। परिषद द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनसे कला और अध्यात्म का संगम सशक्त हो सके।

परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सूरज पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिविर में बनी उत्कृष्ट कृतियों को मुख्यमंत्री कार्यालय एवं भारत सरकार के डाक विभाग में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे कलाकारों की प्रतिभा को व्यापक मंच मिले। श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर के सह-संयोजक एवं गीता शोध संस्थान के समन्वयक श्री चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि शिविर में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी लोकशैलियों में भगवान की लीलाओं को चित्रित किया। भुज (गुजरात) से आईं अवनी पीयूष सोनी ने गुजरात की लोकशैली में कृष्ण के बांसुरी वादन की लीला को जीवंत किया। मथुरा की कुमारी प्रीति चौहान ने राधा रानी की कृष्ण प्रतीक्षा का भावपूर्ण चित्र बनाया।

मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की आर्ट विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम रानी ने ॠकृष्ण की प्रतीक्षा में राधाॠ विषय पर भावनात्मक चित्रण किया। मथुरा के कमलेश्वर ने रासबिहारी छटा को अपने चित्र में साकार किया।

# पुलिस ने किया अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात पुलिस ने एक अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यो की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पकडे गये गिरोह के सदस्यो के कब्जे व निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई सात मोटर साइकिल व तीन फर्जी नम्बर प्लेट एवं अवैध तमंचा व कारतूस तथा चाकू बरामद किया है ।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी करके उनके चेसिस व इंजन नम्बर से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर व अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध जनपद हापुड़, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर व मेरठ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब पांच दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# डीएम एसएसपी ने यातायात माह नवंबर 2025 का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज-रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यातायात माह नवंबर 2025 जागरूकता कार्यक्रम में गुब्बारे उड़ाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 कार्यक्रम में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया। उन्होंने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तथा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि यातायात नियमों का अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन ना चलाएं, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें, शराब के नशे में वाहन ना चलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन धीमा चलाये, अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी बचाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात जागरूकता रैली एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस तरह की रैलियों में आम जनता, स्कूली बच्चे, और विभिन्न संगठनों के सदस्य भाग लेते हैं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। यातायात माह नवंबर 2025 में जागरूकता रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि यातायात नियम वे नियम हैं जो सड़कों पर यातायात को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और यातायात को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, कार चलाते समय सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है, यातायात संकेतों जैसे कि लाल बत्ती, हरी बत्ती और यातायात पुलिस के संकेतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति सीमा के अनुसार वाहन चलाना चाहिए, ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना चाहिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करना चाहिए तथा यातायात लेन का पालन करना और दूसरे वाहनों को परेशान न करना हम सभी का दायित्व है।

## मारपीट के मामले में 12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने अमिनी गांव (मिजार्मुराद) निवासी रमेश कुमार सिंह के तहरीर पर मंगलवार की देर शाम नंदू राजभर, विनोद राजभर, दीपक राजभर, सूरज राजभर, रजनीकांत राजभर, प्रमोद राजभर, शनि राजभर, फुलमनी देवी, मनोरमा देवी, संजू देवी, रूबी देवी व माया देवी के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।उक्त घटना बीते 1 अक्टूबर की दोपहर की बताई गई। पीड़ित ने तहरीर देकर बताया कि विपक्षीगण एकरार होकर मेरे जमीन पर जबरजस्ती पेड़ पौधा लगाकर व बास से घेर कब्जा कर रहे थे सभी परिवार के लोग कब्जा करने से मना करने लगे तो सभी भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देते हुए लाठी-डंडा लेकर मारने पीटने लगे।आवाज सुनकर जब परिवार की महिला बाहर आई तो सूरज राजभर साड़ी खोलने लगा और ब्लाउज फाड़ दिया।मारपीट में भाभी मीना देवी, उमेश पटेल समेत अन्य लोगों को बुरी तरह मारपीट घायल कर दिये।मिजार्मुराद पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।

# पंचायत चुनाव में चुनाव लडने वाले प्रत्याशियो की खर्च सीमा का निर्धारण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 एवं उप निर्वाचनों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का मूल्य, निक्षेप (जमानत) की धनराशि तथा निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों हेतु अधिकतम्‌व्यय सीमा का निर्धारण कर दिया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सदस्य ग्राम पंचायत पद के उम्मीदवार हेतु नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 200 रुपए व जमानत धनराशि 800 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 100 रुपए व जमानत धनराशि 400 रुपए होगी। सदस्य ग्राम पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 10 हजार रुपए है।

प्रधान ग्राम पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 600 रुपए व जमानत धनराशि 3000 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 300 रुपए व जमानत धनराशि 1500 रुपए होगी। प्रधान ग्राम पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 1.25 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 600 रुपए व जमानत धनराशि 3000 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 300 रुपए व जमानत धनराशि 1500 रुपए होगी। सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 1 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। सदस्य जिला पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 1000 रुपए व जमानत धनराशि 8000 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 500 रुपए व जमानत धनराशि 4000 रुपए होगी। सदस्य जिला पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 2.50 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। प्रमुख क्षेत्र पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 2000 रुपए व जमानत धनराशि 10000 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 1000 रुपए व जमानत धनराशि 5000 रुपए होगी। प्रमुख क्षेत्र पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 3.50 लाख रुपए निर्धारित की गयी है।

अध्यक्ष जिला पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 3000 रुपए, जमानत धनराशि 25000 रुपए तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला प्रत्याशियों के लिये निर्देशन पत्र का मूल्य 1500 रुपए व जमानत धनराशि 12500 रुपए होगी। अध्यक्ष जिला पंचायत के लिये अधिकतम व्यय सीमा 7 लाख रुपए निर्धारित की गयी है।

## सार संक्षेप

### महिला नेता राधा चौधरी ने क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह पर लगाया अभद्र टिप्पणी का आरोप



**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र के गांव में हुई दुष्कर्म की घटना के बाद मंगलवार को गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह और कम्युनिस्ट पार्टी की महिला इकाई की प्रदेश सहायक सचिव राधा चौधरी पीड़िता के घर पहुंचे।दोनों नेताओं ने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हरसंभव मदद तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिया।इस दौरान किसी बात को लेकर विधायक मेघश्याम सिंह और महिला नेता राधा चौधरी के बीच नोकझोंक हो गई।राधा चौधरी ने आरोप लगाया कि विधायक ने पीड़िता के घर पहुंच रहे नेताओं और सामाजिक संगठनों के लोगों के लिए अभद्र शब्द भड़वा का प्रयोग किया।घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में आक्रोश देखा गया।फिलहाल मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### खेत में गिरा विशाल ड्रोन, ग्रामीणों में मची सनसनी



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बाड़ली में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक विशालकाय ड्रोन अचानक एक किसान के खेत में गिर पड़ा। घटना की सूचना फैलते ही गांव में दहशत और सनसनी का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसान अनीस के खेत में यह ड्रोन गिरा मिला। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर ड्रोन की जांच शुरू की।प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद जीशान ने बताया कि जब ग्रामीण सुबह खेतों में पहुंचे, तो उन्होंने खेत में पड़े इस बड़े ड्रोन को देखकर हैरानी जताई।फिलहाल पुलिस और प्रशासन ड्रोन के स्रोत व उद्देश्य का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सेमरियावां बाजार से अवैध अतिक्रमण हटाया गया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक के आदेशों के क्रम में, थाना दुधारा पुलिस ने मंगलवार को सेमरियावां बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। सेमरियावा बाजार के मुख्य मार्ग के किनारे अवैध रूप से खड़े रहने वाले वाहनों, तथा अवैध ठेला व दुकानों के कारण आए दिन गंभीर ट्रैफिक जाम (यातायात समस्या) की स्थिति बनी रहती थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी असुविधा होती थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा द्वारा मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर सख्त कार्रवाई की गई। बाजार क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर किए गए सभी अवैध प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना और आमजन को जाम की समस्या से राहत दिलाना है।

## न्याय की जीत ! तरुण हत्याकांड में 4 दोषियों को उम्रकैद, 48 हजार जुर्माना

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** तीन साल पुराने तरुण हत्याकांड में मंगलवार को अदालत ने चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही चारों पर कुल 48 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-2) आलोक द्विवेदी की अदालत ने सुनाया।मामला 7 जून 2022 का है। परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गोविंदपुरी निवासी मनोज गिरी का 20 वर्षीय बेटा तरुण गिरी आर के पॉलिटेक्निक का छात्र था। घटना वाले दिन उसे दोस्तों ने फोन कर बुलाया था। कुछ देर बाद तरुण घायल अवस्था में थाना किठौर क्षेत्र के अमरपुर पुरझमाछरा संपर्क मार्ग पर सड़क के किनारे पड़ा मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि तरुण की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या की गई थी। इस मामले में तुषार भाटी पुत्र ओमपाल, प्रिंस पुत्र सरदार, गुल्लू उर्फ अनिकेत पुत्र रविंद्र (निवासी ग्राम हसनपुर कलां), और अंकुर पुत्र विजेंद्र ग्राम इंद्रपुरा थाना किठौर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के आधार पर कोर्ट ने चारों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

थाना किठौर प्रभारी, कांस्टेबल रवि कुमार और जितेंद्र उर्फ लोकेश की सक्रियता से यह मामला सजा तक पहुंचा।मेरठ पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत यह एक और बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# धूमधाम राधावल्लभ लाल का पाटोत्सव से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृन्दावन।** धर्म नगरी वृन्दावन धाम में सोमवार के दिन राधावल्लभ लाल का पाटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधावल्लभ लाल के पाटोत्सव को वृन्दावन प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया गया। तीन दिन से चल रहे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में दूर-दराज से आए कलाकारों ने बढ-चढ़कर भाग लिया एवं मंत्रमुग्ध करने वाली मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

राधावल्लभ मंदिर के तिलकायत अधिकारी मोहित मराल गोस्वामी महाराज ने बताया कि कार्तिक सुधि तेरस के दिन वंशी अवतार हरिवंश चन्द्र महाप्रभु अपने लाड़ले आराध्य राधावल्लभ लाल को लेकर वृन्दावन धाम आए थे और मदनटेर पर सर्वप्रथम राधावल्लभ लाल को लता-पताओं में विराजमान कर वृन्दावन धाम की पुनर्स्थापना की थी, इसलिए राधावल्लभ के पाटोत्सव को वृन्दावन प्राकट्य उत्सव के रूप में सैकड़ों वर्षों से निरंतर मनाया जा रहा है और जो रसधारा हरिवंश महाप्रभु ने राधावल्लभ लाल को वृंदावन में विराजमान कर पुनः शुरू की थी, वो रसधारा भी निरंतर बह रही है। मदनटेर पर सुबह समाज गायन कर बड़ा रासमण्डल के लिए चाव सवारी निकाली गई, चाव सवारी में हजारों भक्तों ने बढ-चढ़कर भाग लिया एवं गाजे-बाजे की धुन पर भक्तों ने नृत्य किया। मदनटेर से निकली चाव सवारी में अपने-आप में अद्भुत रही, जो भक्तों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनीं। इस वर्ष चाव सवारी में तरह-तरह की झांकियां निकाली गई, जिसमें ऊंट व कलाकारों ने तरह-तरह के करतब दिखाए। इस मौके पर तिलकायत अधिकारी मोहित मराल गोस्वामी महाराज, युवराज शोभित लाल गोस्वामी, श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज, गोविन्द गोस्वामी, उदित गोस्वामी, दिनेश सिंह तरकर सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने बढ-चढ़कर भाग लिया।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन परिसर में कल्पवृक्ष का किया पौधरोपण

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में *कल्पवृक्ष* के पौधे का रोपण किया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को संतुलित करते हैं, बल्कि जीवन के लिए अत्यावश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। हर एक पौधा एक जीवन की तरह होता है, जिसे लगाकर उसका पालन-पोषण करना हमारा नैतिक दायित्व है ।

उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें ताकि ये वृक्ष बनकर आने वाले समय में जनपद को हरित व स्वच्छ बनाए रखें। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने यातायात कार्यालय, अतिथि गृह, आरक्षी बैरक, वाहन शाखा, नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) तथा पुलिस लाइन परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं भवनों का निरीक्षण किया ।

# एसपीजी के आईजी लव कुमार ने गिरिराज जी के दर्शन करके लगाई पैदल परिक्रमा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस और पूर्व में जनपद मथुरा के पुलिस कप्तान और आगरा मंडल के डीआईजी रहे लव कुमार आईपीएस आस्था का केंद्र गिरिराज धाम आये। वर्तमान में केंद्र सरकार के एसपीजी विभाग में तैनात आईजी लव कुमार आईपीएस ने दानघाटी मंदिर श्री गिरिराज जी के दर्शन करके सपीरवार पैदल परिक्रमा लगाई। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण विभाग स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप

(एसपीजी) के आईजी लव कुमार अपने व्यक्तिगत कार्यक्रम से आस्था का केंद्र श्री गिरिराज धाम गोवर्धन पहुंचे। दानघाटी मंदिर पर पूजा अर्चना सेवायत मथुरा प्रसाद कौशिक लाला पंडित जी ने कराई। पूजा अर्चना के बाद आईजी लव कुमार आईपीएस गिरिराज जी महाराज के सजाये गये फूल बंगला श्रंगार दर्शन को निहारते रहे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान ने आईजी लव कुमार जी को गिरिराज महाराज का महाप्रसाद भेंट किया। साथ ही भारत उपाध्याय एडवोकेट ने उनको प्रसादी चुनरी भेंट करके उनका भव्य स्वागत किया।

श्री गिरिराज महाराज की पूजा अर्चना के बाद सप्तकोसी गिरिराज महाराज की पैदल परिक्रमा करके मनौती मांगी। केंद्र सरकार के एसपीजी में तैनात आईजी लव कुमार आईपीएस ने बताया कि यह उनका व्यक्तिगत कार्यक्रम है। गिरिराज की पूजा-अर्चना और दर्शन करके मन को परम शांति मिलती है।

उनकी आस्था और श्रद्धा कृष्ण अवतारी भगवान श्री गिरिराज महाराज से जुड़ी हुई है। भगवान श्री गिरिराज महाराज हमारे आराध्य हैं। यहां आने से मन को अपार शांति मिलती है। श्री गिरिराज महाराज की परिक्रमा के दौरान आस्था से ओतप्रोत नजर आए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर थाना गोवर्धन प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी कस्बा इंचार्ज अनुज कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**झांसी चिरगांव।** यह मामला चिरगांव ब्लॉक के ग्राम छिरौना का है जहां पर 45 वर्षीय विवाहित महिला विनीता का शव घर में लगे पंखे से लटकता हुआ मिला महिला के पति का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो चुका था मृतक महिला अपने 19 वर्षीय पुत्र के साथ ससुराल में रहती थी किन्तु आज सुबह 5:00 बजे महिला का शव कमरे में लगें पंखे से लटकता हुआ मिला ससुराल पक्ष के लोग चिरगांव मेडिकल कॉलेज लेकर आए जहां पर महिला को चिकित्सकों के द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया परन्तु मायके पक्ष ने आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है की मृतिका विनीता की मारपीट और हत्या की गई है फिलहाल चिरगांव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आखिरकार यह हत्या है या आत्महत्या या फिर मायके पक्ष द्वारा आरोप सही हैं या फिर गलत इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है पुलिस ने जांच पड़ताल कर दी है अग्रिम विधि का कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम ने नगवा प्राइमरी स्कूल का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी ने खलीलाबाद शिक्षा क्षेत्र ग्राम नगवा में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण महोदय द्वारा किया गया। महोदय द्वारा बच्चों के शिक्षा / ज्ञान के क्षमता का आकलन किये। डीएम द्वारा कक्षा 2 के अनमोल नाम के बच्चें की प्रशंसा किये बच्चें द्वारा 19 का पहढ़ा सुनाया, एक बच्ची कों फीवर की शिकायत पर दवा हेतु निर्देशित किये। छात्रा का लेखनी / लिखवाट अच्छी पाई गईं गणित का प्रश्न महोदय द्वारा पूछा गया। महोदय द्वारा किताब सें पढ़ाई कराई गईं। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के उपस्थिति की जानकारी लीं गईं, उपस्थिति पंजीका, टऊट पंजीका चेक किया गया। भोजन की जानकारी लिए. शौचालय साफ - सफाई चेक किया गया।

सफाई कर्मी कों हिदायत दिया गया। स्कूल बच्चों में सभ्यता व संस्कार की भी शिक्षा दिए जाने का निर्देश शिक्षिकाओ कों दिए।

## भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

# महिला क्रिकेट टीम बनी विश्व विजेता

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**नई दिल्ली।** पहली बार भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर देश का नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पूरे देश में आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और भारत माता की जय के नारों के बीच जश्न मनाया गया। यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह भारत की नारी शक्ति का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। हमारी बेटियों ने अपने अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ाया है। गोयल ने कहा कि यह जीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और देश की बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का उत्साह देगी।

उन्होंने पूरी टीम, कोच, प्रबंधन और सभी सहयोगियों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि जैसे करनाल की कल्पना चावला ने वर्ष 1997 में अंतरिक्ष की यात्रा कर भारत का नाम रोशन किया था, वैसे ही आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने खेल जगत में नया इतिहास रचा है। गोयल ने हाल ही में हुए ह्यऑपरेशन सिदूरह्व में दो भारतीय महिला पायलटों द्वारा दिखाई गई वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अदम्य साहस और दक्षता का परिचय दे रही है।

# पालिका अध्यक्ष ने तीन वार्डों में नाली व सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** नगर पालिका हापुड़ द्वारा नगर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से सड़क व नाली निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी, जिसके अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड नंबर 2, 24 व 40 में होने वाले निर्माण कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किया।

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 के मोहल्ला चमरी में शिव मंदिर के आसपास की गलियों एवं लज्जापुरी की कश्यप प्याऊ वाली गली में सड़क निर्माण कार्य, वार्ड 24 में रामपुर रोड स्थित एसटीपीसी केंद्र के बाहर साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, तथा वार्ड नंबर 40 के मोहल्ला त्रिलोकी पुरम में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।तीनों वार्डों में करीब 68 लाख 83 हजार रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को जर्जर सड़कों की समस्या से राहत मिलेगी।

शिलान्यास के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी का स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाई वितरण के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर वार्ड सभासदों और नगर के नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी प्राथमिकता बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना है। चुनाव के दौरान जो वादे जनता से किए गए थे, उन्हें एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। शीघ्र ही अन्य वार्डों में भी सड़क और नाली निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे।

## आधार कार्ड बनाने वाले जिन केंद्रों पर शासन द्वारा

# निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूली की जा रही है उनकी जांच कर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने वाले जिन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूल की जा रही है, उनकी जांच कर उस पर अंकुश लगाने के लिए संचालकों से शासन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए और पुनःवृत्ति होने पर केंद्र का लाइसेंस निरस्त करते हुए संचालक के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अन्य कार्यों में आधार कार्ड की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिये नम्बर आफ यूनिट के आधार पर अधिक पेंन्डिसी वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए ब्लॉक स्तर एवं नगर पालिका अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर खोलना सुनिश्चित करें जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने महात्मा विदुर सभागार, कलक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आधार नामांकन लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि माह नवम्बर 2025 से आधार नामाकंन/अपडेशन की दरों में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने वाले बैंक/पोस्ट आफिस एवं सी0एस0सी0 सेन्टर नई दरों को प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को कोई दुविधा ना होने पाए। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्धारित चार्ज से अधिक धनराशि वसूल करने वाले दोस्तों के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने के लिए कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विशेष केस वाले व्यक्तियों यथा विकंलाग ) को आधार आवेदनअपडेशन के लिए अलग से लाइन बनाकर आवेदन कराएं जायें।

उन्होंने आधार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारयों को निर्देश दिए कि अपनी आधार किट को जल्द से जल्द क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें तथा इस प्रक्रिया को ससमय अवश्य पूरा कर लें, जिससे की जिले के शत प्रतिशत लोगों को आधार सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने आधार बनाने एवं अपडेट करने वाले विभागों को निर्देश दिये कि ई-केवाईसी सहित सभी प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ आधार बनाये जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटी की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है।

## खेड़ा कुर्तान प्रकरण में दोनों पक्षों ने की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान मैं मकान निर्माण को लेकर हुए दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के घायलों मैं अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सीआरपीएफ का जवान राजेंद्र कुमार छुट्टी पर आया हुआ है और अपना मकान का निर्माण कर रहा है। पड़ोसी व्यक्ति श्रीनिवास का आरोप है कि फौजी अवैध तरीके से गली में कब्जा कर अपना निर्माण कर रहा है। सोमवार को दोनों पक्षों में लाठी डंडों सहित धारदार हथियार चले गए थे। मारपीट में एक तरफ से फौजी राजेंद्र कुमार तो दूसरी तरफ से, श्रीनिवास, आकाश, रामकुमार रेखा, मंटो और सलोनी घायल हो गए थे, दोनों पक्षों के लोगों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने दोनों पक्षों को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के घायलों का इलाज जिला अस्पताल चल रहा है पुलिस जांच कर रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. गीतांजलि अरोड़ा को इंटरनेशनल पैन्स ऑफ कॉन्शियन्स अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** राजधानी की प्रख्यात लेखिका, साहित्यकार एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' को उनके बहुमूल्य साहित्यिक और सामाजिक योगदान के लिए ‟इंटरनेशनल पैन्स ऑफ कॉन्शियन्स अवॉर्ड 2025" से सम्मानित किया गया है।

नेशनल अवॉर्ड समिति के चेयरमैन, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ,अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक, पत्रकार डॉ. शंभु पंवार ने बताया कि यह पुरस्कार उन विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया जा रहा है जिन्होंने लेखन, पत्रकारिता, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट, प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय योगदान दिया है। डॉ. गीतांजलि अरोड़ा की लेखनी सृजनशीलता, मानवीय संवेदना और समाजोपयोगी दृष्टि की प्रतीक मानी जाती है। उनके रचनात्मक कार्यों ने न केवल साहित्य जगत को समृद्ध किया है, बल्कि समाज में चेतना, संवेदनशीलता और सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा भी दी है।

समिति ने उनके इसी अद्वितीय योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय सम्मान पत्र प्रदान किया है। यह उपलब्धि न केवल हिंदी साहित्य जगत के लिए गौरव का विषय है, बल्कि देश की साहित्यिक परंपरा के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

## गढ़ गंगा किनारे बुधवार को होगा कार्तिक पूर्णिमा स्नान

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के गढ़ गंगा किनारे आज हुआ दीपदान बुधवार को होगा कार्तिक पूर्णिमा स्नान जनपद हापुड़ के पौराणिक तीर्थ स्थल गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट पर गंगा किनारे दीपदान करने वाले तथा कार्तिक पूर्णिमा स्नान हेतु श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पैर रखने की भी जगह नहीं है। श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब शायद ही पहले कभी देखा गया हो ।मान्यता है कि कार्तिक मास की चतुर्दशी के दिन मृतकों की आत्म शांति के दिन गंगा किनारे दीपदान करने से मनुष्य को सुख की प्राप्ति होती है ।कार्तिक मास की चतुर्दशी के दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात आदि प्रदेशों से लाखों की तादाद में लोग गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट पहुंचे और मंगलवार को दिन छिपते ही गंगा में दीपदान किया। लोगों ने एक दोने में जलता हुआ दीपक तिल मिष्ठान आदि रखकर गंगा में प्रवाहित किया। गंगा में बहते दीपों की श्रृंखला देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानों आज स्वर्ग धरा पर उतर आया हो। दीपदान से पूर्व लोगों ने गंगा में स्नान किया और बाद में दान दिया फिर घरों को लौट गए ।बुधवार 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान है और उम्मीद है कि करीब 40 लाख श्रद्धालु गंगा में स्नान करेंगे।

## बसपा का पूर्व जिला अध्यक्ष सहित दो गिरफ्तार



**कांधला।** पुलिस ने बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को वांछित अभियुक्तको को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। मंगलवार को पुलिस ने कस्बा निवासी बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीदास जयंत एवं पूर्व सभासद इंद्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दोनों पर कई वर्ष पूर्व थाने पर अभियोग दर्ज हुआ था अभियोग दर्ज होने के बाद आरोपी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहे थे। न्यायालय से वारंटी जारी होने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है ?

## हिन्दू मुस्लिम एकता समिति की बैठक सम्पन्न

**झांसी।** हिन्दू मुस्लिम एकता समिति की मासिक बैठक तलैया मोहल्ला में हुई



बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोहम्मद इमरान खान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि संगठन को मजबूत करने की बहुत जरूरत है सभी साथियों से अपील की घर-घर जाकर एकता के प्रतीक अच्छी सोच रखने वालो को हिन्दू मुस्लिम एकता समिति में शामिल कराईए हिन्दू मुस्लिम एकता समिति जनहित में 16 बिंदुओं पर कार्य कर रही है जो की झांसी की जनता से छिपा नहीं क्योंकि समिति के लाखों पम्पलेट जनता के बीच जा चुके हैं हिन्दू मुस्लिम एकता समिति ने भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार बन्धुओ के लिए आवास कॉलोनी का निर्माण व मान्यता प्राप्त पत्रकारों व बरिष्ठ अधिवक्ताओं को 10000 रुपए हर महा पेंशन उपलब्ध कराई जाएं बैठक में उपस्थित सोनू साहू चटर्जी , मोहम्मद इमरान खुशीपुर, आनन्द रायकवार, पण्डित श्याम तिवारी आनन्द साहू, मुन्नन खान, तारा चंद्र अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री के जन्मोत्सव पर आश्रम पद्धति विद्यालय में किया फल एवं कॉपी पैन का किया वितरण

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले के प्रभारी मंत्री और युवा दिलों के ह्रदय सम्राट के रूप में जाने जाने वाले सरल स्वभाव के धनी कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा के जन्मदिवस को भाजयुमो कार्यकताओं सहित भाजपाई नेताओं ने धूमधाम से मनाया ।भाजपा कार्यालय में केक काटकर तो युवा नेता और विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास के सौजन्य से और युवा नेता मनोज बचखेती सहित अन्य युवाओं ने आश्रम पदति विद्यालय के बच्चो को कॉपी एव पेन एव बुजुर्गों को फल वितरण किया।

## वायरल फोटो पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी युवक तमंचे सहित गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र में कई दिन पूर्व तमंचे संग वायरल हुए फोटो पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक की पहचान करने के बाद युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में इन दिनों युवा अवैध हथियारों के साथ फोटो और वीडियो वायरल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील बना रहे हैं। पुलिस लगातार वीडियो और फोटो वायरल होने पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी युवा अपना भविष्य अंधकार में डालते हुए फ्लावर पाने के चक्कर में शौक पाल रहे हैं। कई दिन पूर्व थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का तमंचा के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वायरल फोटो में युवक हाथों में तमंचा लहराते हुए दिखाई पड़ रहा था जिसके साथ अन्य युवक भी दिखाई पड़ रहे थे। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद और मीडिया की सुर्खियां बनने पर पुलिस हरकत में आई और युवक की पहचान करने में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक की पहचान नाजिम पुत्र नफीस निवासी एकता कॉलोनी कांधला के रूप में कर आरोपी को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया और अभियोग दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

## खीरी टाउन में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले संपन्न, गोला और सिंगाही की टीम ने फाइनल में बनाई जगह

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में आयोजित इलेवन स्टार कप 2025 स्टेट फुटबॉल टूनामेंट के आठवें दिन मंगलवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में बिसवा और गोला की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें गोला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और फाइनल में अपनी जगह बना ली ।दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सिंगाही और हरदोई की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाकर दर्शकों का दिल जीत लिया ।मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने गेंद उछालकर मैच की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि ऐसे टूनामेंट युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं। खेल न केवल फिटनेस बल्कि समाज में सकारात्मक सोच का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन फहीम अहमद, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, सभासद सईद अंसारी, सभासद, नसीम अहमद गौरी, सभासद अलीमुद्दीन, चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद के भाई अतीक अहमद उर्फ बाबा, सलमान रिजवी आदि लोगो के साथ- साथ टूनामेंट समिति अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जलील अहमद सहित समिति की पूरी टीम मौजूद रही ।टूनामेंट समिति अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जलील साहब ने बताया कि कल बुधवार को टूनामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

फाइनल मैच में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री जफर अली नकवी और समाजवादी पार्टी के मौजूदा सांसद उत्कर्ष वर्मा मौजूद रहेंगे। दोनों अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे और उनकी मौजूदगी में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा ।यह टूनामेंट ओलंपिक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त है और जिले में उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ।गोला की जीत के साथ खीरी टाउन में फाइनल मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

## महिला ने की पड़ोसियों पर कार्रवाई की मांग

**कांधला।** घर के बाहर गली में खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद में कस्बा निवासी महिला ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला शेखजादगान निवासी महिला शबाना, पत्नी तस्लीम ने एसपी एनपी सिंह को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उसका 11 वर्षीय पुत्र अनस घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान उसका बच्चों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़िता बच्चों की कहासुनी की शिकायत करने पड़ोसी के घर गई तो आरोप है कि पड़ोसियों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उस वक्त तो मौके पर मौजूद लोगों ने मामले का निपटारा करा दिया। आरोप है कि देर शाम एक महिला सहित पांच लोगों ने पीड़िता के घर में घुसकर लात घूंसो और लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें पीड़िता सहित पति तसलीम और पुत्र अनस घायल हो गए।

## उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासमा के मंडल अध्यक्ष बने प्रभु दयाल साहू नेताजी

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** तालबेहट नगर आगमन पर समाज के अध्यक्ष श्री अरविंद साहू एवं समाज के लोगों ने गर्म जोशी से मंडल अध्यक्ष प्रभु दयाल साहू नेताजी एवं जिला अध्यक्ष राम सेवक साहू भदोना वालों को एवं आरके साहू सब इंस्पेक्टर तालबेहट का भी स्वागत समारोह किया गया जिसमें साहू समाज के गढ़मन लोगों ने भाग लिया जिसमें श्री परमानंद साहू एडवोकेट पूरनलाल साहू अनिल कुमार साहू उर्फ अनु राजेश साहू संजय साहू प्रमोद साहू बिजौली झांसी रंजीत साहू मदन साहू धमकाना धर्मेंद्र साहू तेरी फाटक सचिन साहू संजीव साहू धर्मेंद्र साहू सेरबासकला ललितपुर नगर नगर भ्रमण करते हुए महरौली मड़ावरा सैदपुर खेतवास साडू मारा आदि नगरों का भ्रमण किया साहू समाज के लोगों से संपर्क किया श्री कैलाश नारायण साहू मंत्री प्रतिनिधि मड़ावरा जमुना प्रसाद साहू बाबाजी महरौली विनोद साहू पूर्व अध्यक्ष महरौली राहुल राहुल साहू सैदपुर रामचरण साहू फेवरेट मोतीलाल साहू मड़ावरा सत्यनारायण साहू एडवोकेट ललितपुर संतोष साहू खजुरिया जिला अध्यक्ष ललितपुर सुनील साहू महामंत्री ललितपुर प्रमोद साहू मड़ावरा दीपचंद साहू मड़ावरा चिरकुट साहू मड़ावरा नरेंद्र साहू महरौली रमेश साहू महरौली सैकड़ो साहू समाज के लोगों से जनसंपर्क किया।

## टूटी नाली दे रही किसी बड़े हादसें को दावत , जिम्मेदार मौन

**वेलकम इंडिया**



**गुरसरांय(झांसी)।** नगर के गाँधीनगर एवं गुराई बाजार में टूटी नाली की पुलिया किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है ।खुले हुए इन गड्ढों में आए दिन वाहन फंस रहे हैं,एवं लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। टूटी हुई पुलिया लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। काफी देर तक मशक्कत करने के बाद ही गड्ढों में फंसे वाहन बाहर निकल पाते हैं।

नगर पालिका क्षेत्र के गांधीनगर मुहल्ले में सड़क मार्ग पर बनी पुलिया की मोड़ लगभग एक महीने से अधिक समय से क्षतिग्रस्त है। इस मोड़ पर स्कूली बच्चे, बुजुर्ग सहित कई लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके अलावा गुराई मुहल्ले में गोसाई के मन्दिर के पास बनी पुलिया भी कई महीनों से टूटी पड़ी है। इससे प्रतिदिन साइकिल सवार तथा बाइक सवार, कार सवार राहगीर इन टूटी पुलिया में गिरकर घायल हो रहे हैं। पुलिया के दुरुस्त न होने से लोगों में रोष है। एक दिन इस मार्ग पर रास्ते से निकल रही एक गाड़ी इस गड्ढे में फंस गई। इस दौरान वहां पर लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। काफी देर तक मशक्कत करने के बाद ही लोगों की सहायता से इस गाड़ी को धक्का लगाकर बाहर निकाला जा सका। मुहल्ले के राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी बल्ले ने बताया उक्त दोनों रास्तों से स्कूली छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग निकलते है। आए दिन लोग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है। इसको लेकर मुहल्ले के लोगों में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इसकी शिकायत कई बार नगर पालिका से की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई भी सुधार नही हुआ है।

## सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल,पिलखुवा हापुड़ में यंगस्टर्स में हार्ट अटैक विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन जे एम एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में किया गया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**





**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा में अपने सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल,पिलखुवा हापुड़ ने यंगस्टर्स में हार्ट अटैक विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन जे एम एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, हापुड़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ह्दय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जोखिम कारकों को समझना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को बताना था ।हार्ट हेल्थ पर विशेषज्ञ का विचार-विमर्श कार्यक्रम में डॉ. राहुल रामटेके, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस ने ‟यंगस्टर्स में बढ़ते हार्ट अटैक" पर एक अत्यंत जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया ।उन्होंने तनाव, धूम्रपान, खराब खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और अत्यधिक कार्य-दबाव जैसे प्रमुख कारणों पर विस्तार से चर्चा की, जो युवाओं में ह्दय रोगों की बढ़ती घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं ।डॉ. राहुल ने शुरूआती लक्षणों जैसे—छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान और हाथ या जबड़े में दर्द—की पहचान और समय पर चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया ।साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और वार्षिक स्वास्थ्य जांच जैसी रोकथाम संबंधी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता पहल डॉ. मनोज गोविल, मार्केटिंग मैनेजर, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, ने संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं, रोगी देखभाल सुविधाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि संस्थान समाज के कमजोर वर्गों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ।एल. रुबावथी, सीनियर एच.आर. मैनेजर, ने विद्यार्थियों को आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) आईडी के महत्व के बारे में बताया और उन्हें डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ेगी।

# प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीणों ने खूंखार बंदर पकड़ने का संभाला मोर्चा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गाँव सीकरी खुर्द और आस-पास की कॉलोनियों में आत्मघाती बंदर का आतंक जारी है। रोजाना दो तीन लोगों को बुरी तरह घायल कर रहा है। आज सुबह भी स्कूल जा रहे एक बच्चे पर बंदर ने हमला करने का प्रयास किया लेकिन ग्राम वासियों के प्रयास से बच्चा बाल बाल बच गया। जैसे ही ग्रामीणों को इसका पता चला सैकड़ों ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर डॉ बबली गुर्जर के नेतृत्व में बंदर को पकड़ने के लिए गाँव व कॉलोनियों में तलाश किया लेकिन बंदर पकड़ में नहीं आया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर का कहना है कि प्रशासन से अनेकों बार गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन प्रशासन के लोग बंदर को नहीं पकड़ पा रहे हैं। कई लोग बुरी तरह जख्मी हैं, जिनका दिल्ली और मेरठ के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कल तक बंदर नहीं पकड़ा गया तो समस्त ग्रामवासी तहसील मोदीनगर को घेरने का काम करेंगे। आज इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर बबली गुर्जर नीरज प्रजापति मोनू प्रधान राज वर्मा एमपी सिंह धनवीर चंदेला मांगेराम सेन धर्मपाल गिरी रणवीर गुर्जर। बलबीर चंदेला हेमी गुजर रमेश सोनू गुर्जर आदि रहे शामिल रहे।

# अज्ञात मृतकों की आत्म शांति के लिए सैकड़ों दीप गंगा में प्रवाहित कर राष्ट्र चेतना मिशन ने किया दीप दान



वेलकम इंडिया

**अनूपशहर।** सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा वर्ष भर में अन्तिम संस्कार किए गए सैकड़ों लावारिस एवं अज्ञात मृतकों की आत्मा की शान्ति हेतु संगठन के दर्जनों कार्यकताओं ने अनूपशहर गंगा घाट पर सैकड़ों दीप गंगा में समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या के अवसर पर राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा विशाल दीप दान कार्यक्रम आयोजित किया गया। संबोधन करते हुए संस्था के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने कहा कि पूरे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिलने वाले अज्ञात और लावारिस शवों की शिनाख्त नहीं हो पाने पर संगठन के कार्यकताओं द्वारा ही श्मशान घाट पर विधिवत सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार किया जाता है। हर महीने अनूपशहर गंगा जी में सभी का सामूहिक अस्थि विसर्जन करते हैं तथा हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर समस्त अज्ञात मृतकों को मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना के साथ विशाल दीप दान कार्यक्रम किया जाता है। पिछले वर्ष की कार्तिक पूर्णिमा के उपरांत इस बार के पर्व तक भी संस्था द्वारा बुलंदशहर जिले भर के लगभग ढाई सौ अज्ञात व लावारिस लोगों का दाह संस्कार किया गया है, जिनके पुण्य स्मृति में 251 दीप जलाकर गंगा में प्रवाहित किये गए हैं। कार्यक्रम में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, जिला संयोजक पिंटू गुर्जर, जिला उपासना प्रमुख आचार्य कृष्ण मिश्रा, आरएसएस नगर संघचालक सुनील कुमार गुप्ता, डॉ अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ एस कुमार, विवेक कुमार दौजी, अनिल कुमार गर्ग, विकास सिंह, देवेश शर्मा, लकी पंडित, हर्ष गुप्ता, अर्पित भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# नाले में मिला व्यक्ति का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गुरुद्वारा रोड कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक युवक का शव नाले में मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। पुलिस की दो टीमें इस मामले की जांच में जुट गई हैं। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि मंगलवार सुबह सफाई कर्मचारी गुरुद्वारा रोड पर सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें नाले में एक शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय सभासद और पुलिस को दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। थोड़ी देर में ही मृतक की पहचान जगतपुरी कॉलोनी निवासी सुरेश के रूप में हुई।मृतक सुरेश बैंड बाजा बजाने का काम करता था। बताया गया कि वह रात को एक शादी समारोह में बैंड बजाकर वापस आया था। उसकी पत्नी अलग रहती है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आशंका जताई है कि सुरेश की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

**मोदीनगर।** मंगलवार की सांय मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि जब देर शाम मेरठ की ओर से एक एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली की ओर जा रही थी। इस बीच एक युवक फाटक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतक परमहंस पुत्र राम अवतार निवासी नई कॉलोनी देवेंद्र पुरी का रहने वाला हैं। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# एस्थेटिक डेंटिस्ट्री में निखरेगी नई पीढ़ी की विशेषज्ञता, आईटीएस डेंटल कॉलेज में दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन सोमवार एवं मंगलवार को किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कुल 29 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस और बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे।

यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवा दंत चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सौंदर्यपरक दंत चिकित्सा की बारीकियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का आयोजन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने सदैव विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और प्रायोगिक अनुभव उपलब्ध कराने पर बल दिया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मोहन कुमार आर.एस., प्रोफेसर, प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज, चेन्नई एवं सचिव, एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया, तथा डॉ. शिशिर सिंह, डीन, टेरना डेंटल कॉलेज, नवी मुंबई एवं जनरल ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री के एडिटर-इन-चीफ रहे। दोनों विशेषज्ञों ने अपने विस्तृत अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। पहले दिन प्रतिभागियों को डायरेक्ट एवं इनडायरेक्ट वेनीयर और एंगल बिल्ड-अप तकनीकों पर व्याख्यानों, इंटरैक्टिव सत्रों, प्रदर्शन और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से गहन ज्ञान प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने दंत पुनर्स्थापन और सौंदर्य सुधार की उन्नत तकनीकों पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने थाना मोदीनगर, निवाड़ी एवं भोजपुर का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी द्वारा सर्किल मोदीनगर के थाना मोदीनगर, थाना निवाड़ी एवं थाना भोजपुर में लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु आदेश कक्ष का विवेचकवार आयोजन कर थाना निवाड़ी का निरीक्षण किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आठ नवम्बर को बनारस से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ किया जायेगा



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा 8 नवम्बर 2025 को बनारस से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ किया जायेगा` इसके परिप्रेक्ष्य में 4 नवम्बर को वाराणसी के विभिन्न स्थानीय विद्यालयों में विकसित बनारस एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबन्ध,पेंटिंग (चित्रकारी) एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` इन प्रतियोगिताओं में 1,200 छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया` इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया केन्द्रीय विद्यालय 39 जीटीसी छावनी वाराणसी में ह्यविकसित बनारस एवं आत्मनिर्भर भारतह्य विषय पर निबन्ध,पेंटिंग (चित्रकारी) एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के 300 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया इसी प्रकार केन्द्रीय विद्यालय कंचनपुर वाराणसी में आयोजित प्रतियोगिताओं में 250 छात्र- छात्राओं तथा केन्द्रीय विद्यालय,बीएलडब्ल्यू वाराणसी में 200 छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया इसी क्रम में सेंट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल कमच्छा वाराणसी में आयोजित प्रतियोगिताओं में 250 तथा सेंट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल कमच्छा वाराणसी में 200 छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया विभिन्न विद्यालयों में निबन्ध,पेंटिंग (चित्रकारी) एवं कविता प्रतियोगितायें अभी चल रही हैं जिनमें भारी संख्या में विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

# गढ़ गंगा मेले पर रालोद कार्यालय का मंत्री ने किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गंगा मेले पर प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल ने राष्ट्रीय लोकदल के कैंप कार्यालय हापुड़ का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें रागिनी का प्रोग्राम भी शामिल था। हापुड़ के जिला अध्यक्ष रविंदर व हापुड़ के जिला प्रभारी बिट्टू खंजरपुर ने केबिनेट मंत्री अनिल को गंगा जल और एक गंगा की तस्वीर भेंट की। क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनपुर योगेंद्र चेयरमैन गाजियाबाद जाट समाज के राजकुमार चौधरी, विक्रम, महासचिव योगेंद्र पतला, बिट्टू खंजरपुर, अरुण भुललन आदि लोग शामिल थे।

# श्री सत्यनारायण भगवान की कथा एवं भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा से गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ० अमरनाथ क्लीनिक (सीकरी वाले) श्रीमती स्व० शारदा देवी एवं डॉ० जगदीश प्रसाद शर्मा के निवास स्थान अमर भवन गोयल पुरी निकट जैन मन्दिर पर श्री सत्यनारायण भगवान की कथा एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुजनों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ जगदीश प्रसाद शर्मा डॉक्टर अनिल शर्मा राजन शर्मा पूर्व पालिका अध्यक्ष राम और श्री शर्मा पूर्व विधायक सुदेश शर्मा पंडित हरवीर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा अनिल वशिष्ठ संजय तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद स्वाट पुलिस और साइबर टीम ने 3.40 करोड़ की कोडीन सिरप की जब्त, 8 तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा ,गाजियाबाद ।** गाजियाबाद पुलिस ने ड्रग रैकेट का पदार्फाश करते हुए आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है. यहां मछली गोदाम परिसर से 1.57 लाख कोडीन सिरप की शीशियां भी बरामद की गई हैं. जहर की ये खेप दिल्ली से बांग्लादेशष तक सप्लाई की जाती थी। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में नशे के अवैध कारोबार का अब तक का सबसे बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ है. पुलिस ने कोडीन युक्त इस्कफ और कफ सीरप की तस्करी और कालाबाजारी करने वाले आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद की गई इन 1.57 लाख शीशियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 करोड़ 40 लाख रुपए है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम ने यहां से दो ट्रक, दो आयशर कैंटर, एक क्रेटा कार, 20 लाख रुपए नकद, दो लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, कई फर्जी मोबाइल सिम, मुहरें और 19 स्टिप टेपेंटाडोल टैबलेट्स सहित बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज भी जब्त किए हैं. इस गिरोह की जड़ें गाजियाबाद, दिल्ली से लेकर बांग्लादेश तक फैली हुई थीं. ये छापेमारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। इसके लिए गाजियाबाद कमिश्नरेट ने विशेष टीमें गठित की थी, जिसने देर रात मेरठ रोड स्थित मछली गोदाम परिसर में छापा मारा. वहां का दृश्य देखकर पुलिस भी हैरान रह गई. चार ट्रकों में छिपाई गई 1150 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें 850 पेटियां एशह्य४ और 300 पेटियां फैंसीडयल कफ सिरप की थीं. ये पेटियां चूने के बोरों में छिपाकर रखी गई थीं ताकि किसी को शक न हो।



# विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी को लेकर बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने की। बैठक में जनपद के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधान परिषद चुनाव से पूर्व निर्वाचक नामावलियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से तैयार करना था। अपर जिलाधिकारी श्री भट्ट ने उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि फार्म-18 (स्नातक निर्वाचन हेतु) और फार्म-19 (शिक्षक निर्वाचन हेतु) में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या बहुत कम है, जबकि बड़ी संख्या में पात्र मतदाता अब भी सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाए हैं। श्री भट्ट ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने स्तर से पात्र मतदाताओं को जागरूक करें और उन्हें फार्म भरने हेतु प्रेरित करें ताकि निर्वाचक नामावली व्यापक और सटीक रूप से तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान सभी प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। इसमें बताया गया कि ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बी.एल.ओ.) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और पात्र मतदाताओं से जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इस क्रम में राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट (बी.एल.ए.) की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित की जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने जनपद के सभी पात्र स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से अपील की है कि वे 6 नवम्बर 2025 तक अपना आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आवश्यक शैक्षिक प्रमाणपत्र एवं पहचान दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। इसके लिए जनपद में बनाए गए 13 मतदान केन्द्रों पर फार्म-18 और फार्म-19 उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। इसलिए यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने नाम की प्रविष्टि सुनिश्चित करे और आगामी विधान परिषद चुनावों में भाग लेकर लोकतंत्र को सशक्त बनाए। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया और समयसीमा के भीतर अधिकतम फार्म भरवाने का संकल्प लिया। इस प्रकार, बैठक एक सकारात्मक और सहमति-पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रशासन और राजनीतिक दलों ने संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां पूर्ण रूप से अद्यतन, सटीक और पारदर्शी रूप में तैयार की जाएंगी।

## गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर रोज बेल पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। विजयनगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण इस अवसर पर भक्ति-संगीत, गुरुवाणी और प्रकाशमय वातावरण से भर उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यापिका सुश्री गुरविंदर कौर द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन, दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर अत्यंत प्रेरणादायक व्याख्या से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि गुरु नानक देव जी का संदेश कीरत करो, नाम जपो, वंड छको आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सच्चे जीवन, परिश्रम, ईमानदारी और सेवा को जीवन का मूल आधार बताया।

इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरणादायक घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने सत श्री अकाल, इक ओंकार, वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेहज के आध्यात्मिक और मानवीय अर्थों को बड़े ही सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची पूजा सेवा में है, और सच्चा धर्म मानवता में निहित है। सभा के दौरान भाई अमरजीत सिंह, हजूरी रागी, गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा द्वारा भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे समूचा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा। उनके गायन ने सभी के हृदयों में गुरु नानक देव जी के प्रति गहरी आस्था और प्रेम का भाव जाग्रत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने एक साथ 'मूल मंत्रज का सामूहिक जाप किया, जिससे समूचे सभागार में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। इसके उपरांत सभी कक्षाओं में प्रसाद वितरण किया गया।

## जीडीए ने अवैध निमार्णों पर कसा शिकंजा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर में अवैध निमार्णों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। उपाध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए हैं कि सभी अवैध निमार्णों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कोई छूट न दी जाए। इस कदम का उद्देश्य गाजियाबाद में नियोजित और स्वीकृत शहरी विकास को सुनिश्चित करना है। उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार, प्रवर्तन जोन-8 ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना के अंतर्गत 20 से अधिक भूखंडों में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त ईकाईयां, अतिरिक्त मंजिल और व्यवसायिक निर्माण पाए जाने पर निर्माणकताओं के खिलाफ संबंधित थानों में तहरीर भेजकर प्राथमिकी दर्ज करवाई। यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी निर्माणकर्ता को नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति न मिले और शहर में अवैध निर्माण को रोकने में मदद मिले। निर्मित अतिरिक्त ईकाईयों और दुकानों को विद्युत संयोजन न देने के निर्देश मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण खंड को भेजे गए हैं। इसके अलावा रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप-निबंधक, लोनी को पत्र प्रेषित किया गया। इस कदम से यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी अवैध निर्माण वैध सुविधाओं का लाभ न उठा सके और निर्माणकर्ता केवल नियमों के अनुसार कार्य करें। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी फ्लैट या दुकान को खरीदने से पहले प्राधिकरण से उसकी वैधता की पुष्टि अवश्य कर लें।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने बीएलओ को वितरित किए गणना प्रपत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को गणना प्रपत्र वितरित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। यह विशेष अभियान मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क करेंगे, गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और पात्र मतदाताओं से आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित करें और पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ प्रतिदिन के कार्य का फोटो और वीडियो प्रमाण तैयार कर उसे जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि संपूर्ण प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही, आम जनता को मतदाता सूची पुनरीक्षण के महत्व से अवगत कराने के लिए सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से निरंतर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों को संबंधित मतदेय स्थलों के गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं। बीएलओ अब अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर दो-दो प्रतियों में गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और मतदाताओं को उसे भरने में सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और पूर्णतः निष्पक्ष तरीके से संपन्न करेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। जनसामान्य से अपील की गई है कि वे बीएलओ से सहयोग करें, अपने नाम, पते या परिवार में नए पात्र मतदाताओं का विवरण सटीक रूप से उपलब्ध कराएं और लोकतंत्र की इस सशक्त प्रक्रिया में भागीदार बनें।

## 'इंडियाज टैलेंट शो' के टीवी राउंड के लिए हुआ चयन, संगीत की दुनिया में उभरते सितारे के रूप में मिली पहचान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। डासना स्थित एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रतिभाओं के बल पर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र श्री यशस्वी भटनागर का चयन भारत के प्रतिष्ठित रियलिटी शो 'इंडियाज टैलेंट शो के टीवी राउंड के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल यशस्वी के व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की उस समग्र शैक्षणिक दृष्टि का भी प्रमाण है, जो विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और रचनात्मकता के क्षेत्र में आगे बढे के अवसर प्रदान करती है। यशस्वी भटनागर ने अपनी मनमोहक आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से न केवल जजों को प्रभावित किया, बल्कि चयन प्रक्रिया में उपस्थित दर्शकों का भी दिल जीत लिया। कैंपस प्रस्तुतियों से लेकर राष्ट्रीय मंच तक की उनकी यह यात्रा प्रेरणादायक रही है। उनके साथी छात्रों और शिक्षकों ने इस खबर को सुनते ही खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यशस्वी की यह सफलता सभी के लिए गर्व का क्षण है और यह सिद्ध करती है कि यदि लगन और निष्ठा हो तो कोई सपना अधूरा नहीं रहता। विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, प्रो चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव तथा कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार ने यशस्वी भटनागर को इस असाधारण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यशस्वी ने विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है और यह सफलता समस्त छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी टीवी राउंड में यशस्वी अपनी प्रतिभा के दम पर न केवल एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी का नाम बल्कि पूरे गाजियाबाद शहर का गौरव भी बढ़ाएंगे। प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उस शैक्षणिक नीति का परिणाम है जो 'टैलेंट मीट्स अपॉर्च्युनिटी के सिद्धांत पर आधारित है। एस.डी.जी.आई. का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक रूप से सक्षम बनाना नहीं, बल्कि उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में विकसित करना है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना सकें।

## सफलता के सूत्र विषय पर प्रेरणादायक गोष्ठी सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में मंगलवार को 'सफलता के सूत्रज विषय पर एक प्रेरणादायक ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन परिषद् द्वारा कोरोना काल से निरंतर चल रहे वेबिनारों की श्रृंखला का 746वां वेबिनार था। इस अवसर पर देशभर से जुड़े अनेक विद्वानों, समाजसेवियों और आर्य विचारकों ने सहभागिता की। गोष्ठी की मुख्य वक्ता, वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने अपने ओजस्वी विचार रखते हुए कहा कि सच्ची सफलता वही है जो मन की शांति, आत्म-संतोष और उद्देश्यपूर्ण जीवन के रूप में हमारे भीतर विकसित होती है। जो व्यक्ति स्वयं को समझता है, अपने गुणों को पहचानता है और उन्हें समाज कल्याण के कार्यों में लगाता है, वही वास्तव में सफल कहलाता है। उन्होंने कहा कि सफलता का अर्थ केवल धन, पद या बाहरी उपलब्धियों से नहीं है। व्यक्ति तभी सफल होता है जब वह अपने जीवन को सार्थक बनाते हुए दूसरों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बने। उन्होंने कहा कि सफलता के प्रमुख सूत्र हैं स्पष्ट उद्देश्य, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, परिश्रम, अनुशासन, नैतिकता, मानवता, आत्मचिंतन और असफलता से सीखने की क्षमता। आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले स्वयं के भीतर झांकना आवश्यक है। जब व्यक्ति अपने स्वभाव, क्षमताओं और कमजोरियों को समझ लेता है, तब ही वह जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाएं, हर कार्य में उत्कृष्टता लाएं और अपने अस्तित्व से समाज में प्रकाश फैलाएं। गोष्ठी की मुख्य अतिथि आर्य नेत्री कृष्णा पाहुजा और अध्यक्ष सुश्री सुनीता रसोत्रा ने अपने उद्बोधन में जीवन में सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग कभी आसान नहीं होता, परंतु दृढ़ निश्चय, धैर्य और सतत प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर असमंजस बरकरार

वेलकम इंडिया

- एल्डर कमेटी के नए चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सक्सेना की घोषणा हो चुकी है

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर स्थिति लगातार उलझती जा रही है। एक पक्ष द्वारा मतदान की तिथि घोषित किए जाने के बाद भी वकीलों में असमंजस का माहौल बना हुआ है।

इस बीच, एल्डर कमेटी के नए चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सक्सेना की घोषणा हो चुकी है, परंतु इस संबंध में स्पष्ट जानकारी कई अधिवक्ताओं तक नहीं पहुंच पाई। एल्डर कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 10 नवंबर को वोटर लिस्ट चस्पा की जाएगी और नामांकन प्रक्रिया भी इसी दिन शुरू होगी। इसके बाद 11 नवंबर को नाम वापसी और प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। वहीं, चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर 14 नवंबर को मतदान संपन्न कराने की संभावना जताई जा रही है। अभी तक बार अध्यक्ष पद के लिए पांच और सचिव पद के लिए करीब आधा दर्जन नामों के सामने आने की चर्चा है। चुनावी सरगर्मी बढे के साथ ही अधिवक्ताओं के बीच प्रचार-प्रसार भी तेज हो गया है। अधिवक्ताओं की बैठकों और रणनीतिक चचाओं का दौर लगातार जारी है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सक्सेना ने कहा कि उन्हें जनरल बोर्ड कमेटी की बैठक के बाद एल्डर कमेटी का चेयरमैन चुना गया था। उन्होंने बताया कि कई बार चुनाव कराने के लिए नोटिस जारी किए गए, परंतु उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण चुनाव में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि अब सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 10 नवंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 14 नवंबर को गाजियाबाद बार एसोसिएशन को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

## 6 नवंबर को सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल करेंगी महिलाओं की जनसुनवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 6 नवंबर 2025 को जागरूकता चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस विशेष आयोजन की दिशा में उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अभियान के तहत जनपद गाजियाबाद में महिला जनसुनवाई का संचालन माननीय सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, महिला उत्पीड? की रोकथाम सुनिश्चित करना और न्यायिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी महिला अपने अधिकारों से वंचित न रहे। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निदेर्शों के मुताबिक, जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या उनके द्वारा नामित अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा चयनित स्थलों पर जागरूकता चौपाल आयोजित की जाएगी, जिसमें महिलाओं को कानूनी सहायता, सुरक्षा उपायों और शिकायत निवारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना जाएगा और मौके पर ही समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, वन स्टॉप सेंटर, विधिक सहायता योजनाएं आदि के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है, बल्कि उन्हें यह भरोसा दिलाना भी है कि न्याय तक उनकी पहुंच सहज और त्वरित है।

## भाजपा विधायक संजीव शर्मा बने उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सदर विधायक संजीव शर्मा को देशव्यापी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्तर प्रदेश का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा के संगठनात्मक विश्वास और विधायक संजीव शर्मा की निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण मानी जा रही है। इस गौरवशाली नियुक्ति पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार की सुबह 9:30 बजे विधायक संजीव शर्मा के विजयनगर स्थित आवास पर पहुंचा और उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर संदीप त्यागी, रसम संजय शर्मा, राजेश वर्मा, नीरज शर्मा, अनुराग शर्मा, अश्वनी कुमार, संजय बब्बू, बी.के.एस. पाल सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकताओं और व्यापार मंडल प्रतिनिधियों ने विधायक का स्वागत पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया। इस मौके पर सभी ने विधायक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दीं। पंडित अशोक भारतीय ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल गाजियाबाद के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे प्रदेश के व्यापारियों और नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा जैसे जनसेवक की संगठन में बढ़ती जिम्मेदारी भाजपा की पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल सदैव विधायक के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करेगा और क्षेत्र की हर जनहितकारी पहल में सक्रिय भूमिका निभाएगा।